हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 19 दिसंबर 2023

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]

12 टिकरी में निकाली गई भव्य शोभायात्रा, जन-जन ...


11 गांव-गांव पहुंच रही विकसित भारत संकल्प ...




मध्यप्रदेश के पचमढ़ी स्थित राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र में सीखी विविध गतिविधियां

## एडवेंचर एक्टिविटी में शामिल हुए स्वामी आत्मानंद स्कूल दुधली के स्काउट्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

विद्यार्थियों में जनसेवा के लिए प्रेरित करने के साथ ही इस क्षेत्र में उन्हें प्रशिक्षित करने तथा अनुशासन लाने में स्काउट-गाइड का विशेष स्थान है। स्काउट गाइड के माध्यम से बच्चों में सकारात्मक सोच तथा गुणों का विकास करने के साथ ही उन्हें विषम परिस्थितियों व अभावों में भी जीवन जीने की कला सिखाई जाती है। इसके माध्यम से उन्हें विपत्तिग्रस्त लोगों की सेवा तथा उनकी सहायता के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इन्हें सब उद्देश्यों को लेकर पचमढ़ी स्थित राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र में एडवेंचर एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय दुधली के स्काउट तुसेंद्र, कोणल देशमुख व चाहत का चयन हुआ था।

इसके तहत स्काउट्स ने 13 से 17 दिसंबर तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके अंतर्गत रॉ क्लाइंबिंग, लक्ष्य भेदन, स्विमिंग, रोप क्लाइंबिंग का अभ्यास किया गया। इस दौरान आपदा प्रबंधन की जानकारी भी दी गई। स्काउट को भ्रमण के द्वारा पाण्डव गुफा, जटाशंकर, बाइसन लाज, राजेंद्र पार्क, योगा पार्क का भ्रमण कराया गया। सुभाष चन्द्र बोस दल के स्काउट इस एडवेंचर में भाग लिए। स्काउटर मिलन सिन्हा के मार्गदर्शन में ये स्काउट स्वच्छता अभियान सेवा कार्य में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। ये स्काउट राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। आगामी वर्ष में राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए फॉर्म भरेंगे। संस्था प्रमुख दुर्गेश नंदिनी यादव ने स्काउट की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि ये स्काउट भविष्य में एक सफल और अच्छे नागरिक बनेंगे। शाला प्रबंधन समिति तथा समस्त स्टाफ ने प्रतिभागी स्काउट को बधाई दी।



### खबर संक्षेप



#### सूखे पेड़ में चार दिन से धधक रही आग

**गुरूर।** नगर के मणिकंचन केन्द्र के पास स्थित सूखे पेड़ में किसी व्यक्ति ने आग लगा दी। इससे पेड़ का ठूंठ जल रहा है। आसपास के लोगों ने बताया कि यह आग बीते चार दिनों से लगी हुई है। नगर पंचायत प्रशासन द्वारा इसे तत्काल बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन आग पूरी तरह बुझ नहीं पाई और चौथे दिन भी सूखे पेड़ में आग धधक रही है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

#### राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बैठक आज

**डौंडीलोहारा।** श्री राम मंदिर के प्रथम तल का भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी 2024 को भारत के कोने-कोने से आए संतो के सानिध्य में होने वाला है।



इस पावन अवसर पर देश के गांव-गांव में हर गली मोहल्ले में इस दिन दिवाली मनाने गांव के मंदिरों में भजन कीर्तन करने और घर-घर हिंदू समाज को आमंत्रण देने की योजना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद ने किया है। इसी क्रम में डौंडीलोहारा नगर में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए नगर वासियों की बैठक 19 दिसंबर को दोपहर 3 बजे नगर के महाकाली मंदिर में रखी गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विकासखंड संघ चालक महेंद्र जायसवाल ने नगर के समस्त हिंदू समाज से इस बैठक में शामिल होने की अपील की है।

#### शुष्क दिवस पर खूब हुई शराब की अवैध बिक्री

**गुरूर।** गुरू घासीदास जयंती पर प्रशासन द्वारा शुष्क दिवस की घोषणा की गई थी। इस दिन शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया था। लेकिन, कमजोर प्रशासनिक व्यवस्था के कारण फागुनदाह, कवर, पेरपार क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री खूब हुई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 80 रूपये का पौवा 120 से 150 रूपये तक में बेचा गया।

#### भिरई में श्री शिव महापुराण कथा कल से

**गुरूर।** ग्राम भिरई में श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 20 दिसंबर से किया जा रहा है, जिसका समापन 26 दिसंबर को होगा। पहले दिन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद दोपहर 3 बजे दीप प्रज्जवलित करने के बाद कथा प्रारंभ की जाएगी। पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संगीता सिन्हा उपस्थित रहेंगी, अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर तामेश्वर साहू करेंगे।

योजना : गांव-गांव पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

## ग्रामीणों को दी गई शासन की योजनाओं की जानकारी, सामग्री का किया गया वितरण





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का सफर बालोद जिले में लगातार जारी है। इसके तहत विभिन्न ग्रामों में जाकर जहां ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, वहीं योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का भी जायजा लिया जा रहा है।

जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगन्नाथपुर और घुमका तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम रानीतराई रोड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 'विकसित



भारत संकल्प यात्रा' प्रचार रथ के ग्राम में आगमन होने पर महिलाओं तथा ग्रामीणों ने पूजा–अर्चना कर स्वागत किया। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आमजनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आमलोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां भी वितरित कीं। इस अवसर पर केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया। बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगन्नाथपुर में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 92 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरीत किया गया तथा 13 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। उज्जवला योजना के अंतर्गत 07 हितग्राही को घरेलू रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। इस दौरान ▸▸| शेष पेज 10 पर

### बनाए गए आयुष्मान कार्ड

इसी प्रकार ग्राम घुमका में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 8 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया तथा 08 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। उज्जवला योजना के अंतर्गत 11 हितग्राही को घरेलू रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। किसान सम्मान निधि के तहत 03 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया तथा 01 किसान को केसीसी वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत की अध्यक्ष प्रेमलता साहू, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, जनपद सदस्य छगनलाल देशमुख, शारदा सिन्हा, सरपंच हिरौंदी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### हितग्राहियों को सामग्री वितरित

डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम रानीतराई रोड में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 120 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरीत किया गया, जिसमें 06 नए कार्ड बनाए गए हैं। उज्जवला योजना के अंतर्गत 03 हितग्राही को घरेलू रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। किसान सम्मान निधि के तहत 03 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत 03 हितग्राहियों तथा प्रधानमंत्री सुरक्ष बीमा योजना के तहत 02 हितग्राहियों का बीमा किया गया। कार्यक्रम में सरपंच दुर्गेश रामटेके, हेमलता साहू, उर्मिला साहू, जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा की सीईओ रोशनी भगत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## खराब बारदानों ने बढ़ाई किसानों और समितियों की परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

धान खरीदी में सरकार द्वारा भेजा गया और मिलरों द्वारा दिया जा रहा बारदाना, दोनों ही समितियों के लिए परेशानी एवं खर्च बढ़ाने वाला साबित हो रहा है।

सरकार द्वारा भेजे जा रहे बारदानों में से कई बारदाने अंदर से फटे हुए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे बारदाने में एसिड गिर गया है, क्योंकि कई बारदाने बीच बीच में पूरी तरह गल गए हैं। वहीं, कई बारदानों की सिलाई खुल गई है। इसके अलावा कई बारदानों की सिलाई इतनी कमजोर है कि धान भरने से पहले ही वह खुल जा रही है। नया बारदाना होने के कारण समिति कर्मचारी बारदाने का गठान खोलकर सीधे किसानों को दे देते हैं। फटा होने के कारण किसानों को फटा बारदाना वापस करना पड़ता है, जिससे किसानों के साथ-साथ समिति का भी समय खराब होता है। वहीं, फटे बारदानों का रफु करने व सिलाने के लिए समिति को अतिरिक्त कर्मचारी लगाना पड़ रहा है, जिससे समिति का खर्च बढ़ रहा है। सबसे अधिक समस्या मिलरों द्वारा दिए जा रहे बारदानों में है। मिलर खराब, अनुपयोगी बारदानों को भी बंडल में डालकर भेज रहे हैं, जिसे वापस करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। एक सप्ताह ▸▸| शेष पेज 10 पर

■ शासन और मिलरों द्वारा बड़ी संख्या में भेजे गए फटे बारदाने

## गौठान की भूमि का क्या उपयोग होगा, शासन के निर्देश का इंतजार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा गौधन न्याय योजना एवं नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना को बंद करने के समाचारों से पंचायत प्रतिनिधि एवं पंचायतकर्मियों ने राहत की सांस ली है।

पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि गौ पालक गोबन नहीं लाते, प्रशासन दबाव बनाता था, मजबूरन व्यवस्था करनी पड़ती थी। गोबर से खाद बनाने की प्रकिया भी जटिल व सुविधा जनक नहीं होने से निर्धारित मापदण्ड से सही मात्रा में खाद नहीं बनती थी, लेकिन उसके लिए भी दबाव डाला जाता था। सबसे बड़ी समस्या यह थी कि पंचायत का संसाधन, श्रमशक्ति सभी गौठान में ही लग रहा था, जिससे पंचायतों में मुलभूत सुविधा विस्तार व ग्रामीणों की मांगों के अनुरूप कार्य नहीं कर पाते थे। उन्होंने कहा कि अब हम पंचायत की राशि से पंचायत के विकास व जन सुविधा विस्तार का कार्य कर सकेंगे। पंचायतों ने कहा कि गौठान के लिए आरक्षित भूमि व उसमे किए गए कार्यों का आगे क्या उपयोग करना है, इसके लिए हम शासन के दिशा निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री से मिला शालेय शिक्षक संघ समस्याओं के निराकरण की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

शालेय शिक्षक संघ ने प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, पूर्व गृह एवं पंचायत मंत्री राम विचार नेताम, पूर्व गृहमंत्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व शिक्षामंत्री विक्रम उसेंडी तथा बेमेतरा विधायक दीपेश साहू से मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं एवं मांगों से अवगत कराया। इसके साथ ही नई सरकार से इन समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने का आग्रह किया। संघ के प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी जिलाध्यक्ष बालोद जितेंन्द्र शर्मा, मुंगेली जिलाध्यक्ष दीपक वेंताल, प्रदीप पाण्डेय, विक्रम राजपूत, द्वारिका भारद्वाज, कृष्णराज पाण्डेय, अब्दुल आसिफ खान, शशि अग्रवार, भगवती प्रसाद कोसरिया, चंद्रशेखर राजपूत एवं नेमीचंद भास्कर आदि सम्मलित थे।

संघ ने कहा कि पिछले पांच सालों में प्रदेश की शिक्षा विभाग और शिक्षा व्यवस्था की बागडोर एक उत्तरदायित्वविहीन संविदा अधिकारी के हाथों में रही, जिनकी कार्यप्रणालियों से प्रदेश के समस्त शिक्षक व समुचा शिक्षा विभाग त्रस्त रहा। शिक्षा विभाग में उटपटांग नवाचार के नाम पर परिणामविहीन योजनाएं लागू की गईं, जो केवल भ्रष्टाचार करने का साधन मात्र बनकर रह गई थीं। उक्त अधिकारी द्वारा शिक्षा ▸▸| शेष पेज 10 पर

## किराना दुकान में लगी आग लाखों का सामान खाक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

ग्राम खूंदनी में शनिवार रात चंद्रमोहन किराना दुकान में आग लग गई। इससे लाखों रुपए का समान जल कर राख हो गया। इसमें किराना सामान के साथ ही तीन फ्रीजर, टीवी, कूलर सहित अन्य सामान जल गए।

दुकानदार चंद्र मोहन ने बताया कि शनिवार की रात्रि में करीब 10:30 बजे आग लगने की आशंका है। दुकान से धुआं उठता देखकर दुकान के पास में रहने वाले कुंजलाल ने इसकी जानकारी दुकान मालिक को दी। जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने मिलकर करीब ढाई बजे तक अथक प्रयास करके आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने के कार्य में आसपास रहने वाले पड़ोसियों लोकेश्वर साहू, पंकज सोनभद्र, धर्मेंद्र सोनभद्र, नागेश्वर पुष्पराज, तामेश्वर साहू, उमाकांत चित्रसेन, बुद्धलाल साहू, जनक राम, भीखमसाहू सहित आसपास के लोगों ने पूरा सहयोग दिया। इस बीच आग लगने की जानकारी कंवर चौकी पुलिस को दी गई, तब पुलिस विभाग द्वारा मुआयना कर आगे कार्रवाई की गई।

नियम-कायदों को ताक पर रखकर की जा रही कृषि भूमि की बिक्री

## शहर के साथ अब गांवों में भी बढ़ने लगी अवैध प्लाटिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

ग्रामीण क्षेत्रों में भोले-भाले ग्रामीणों को सर्वसुविधा युक्त स्वयं का मकान होने का सब्जबाग दिखाकर जमीन दलाल बिना सुविधाओं की व्यवस्था किए कृषि भूमि की प्लाटिंग कर विक्रय कर रहे हैं। राजस्व विभाग के संरक्षण में चल रहे इस खेल में ग्रामीण ठगे जा रहे हैं, जिन्हें कॉलोनी बसने के बाद बिजली, पानी, नाली, शुद्ध हवा, प्रकाश जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ेगा।

विगत कुछ समय से नगर में अवैध रूप से जमीन को प्लाट में काटकर विक्रय करने का काम चल रहा है। लगातार शिकायतों एवं राजस्व विभाग के दावों के बाद भी अवैध प्लाटिंग का कारोबार अभी रूका भी नहीं है। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ अब ग्रामों में भी यह



कारोबार प्रारंभ हो गया है। जमीन दलाल गांवों में सक्रिय हो गए हैं। राजस्व विभाग द्वारा प्रभावशाली कार्रवाई नहीं करने के कारण जमीन दलालों के हौसले बुलंद हैं। वे धड़ल्ले से लगानी भूमि को छोटे टुकड़ों में काटकर बेच रहे हैं। वर्तमान मामला ग्राम धनोरा का है।

ग्राम धनोरा के एक किसान की लगानी भूमि को आवासीय भूमि में परिवर्तित किए बिना छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर प्लाटिंग की जा रही है। जमीन दलाल द्वारा इस भूमि में खम्बा गड़ाकर व मुरूम से सड़क के लिए चिन्हांकन कर विक्रय की तैयारी की जा रही है। लगभग दो एकड़ भूमि को छोटे टुकड़ों में काटकर उसके विक्रय की तैयारी की जा रही है। यहां पक्की सड़क नहीं बनाई गई है, नाली के लिए जगह नहीं छोड़ी गई है और न ही कहीं नाली कानिर्माण किया जा रहा है। विद्युतीकरण की भी व्यवस्था नहीं है। गार्डन व धार्मिक स्थल, खेल मैदान, सामुदायिक भवन, हरियाली के लिए कोई प्रावधान नहीं किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति द्वारा यह कार्य किया जा रहा है, उसके पास वैध कालोनाईजर का लाइसेंस नहीं है। अर्थात अनाधिकृत रूप से कॉलोनी के रूप में प्लाट काटकर बेचा जा रहा है।

### छोटे टुकड़े का नक्शा नहीं दिया

अभी मैंने छोटे टुकड़ों का नक्शा नहीं दिया है। अभी मुझे प्रभार लिए एक माह ही हुआ है। पूर्व पटवारी ने कोई नकल दिया होगा, तो उसकी जानकारी नहीं है।
- दिलीप सिन्हा, हल्का पटवारी।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### रीवागहन पहुंचीं विधायक अनिला, खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

**डौंडीलोहारा।** क्षेत्रीय विधायक अनिला भेंडिया ग्राम रीवागहन में संकुल स्तरीय टूर्नामेंट के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामवासियों के बीच में पहुंचीं। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को खिलाड़ी भावना से खेल कूद में भाग लेने एवं भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर ग्रामवासी,उपसरपंच, पंच, ग्राम पटेल समूह के अध्यक्ष, बहने अपनी बातों को मुख्य अतिथि अनिला भेड़िया के सामने रखीं। विधायक अनिला भेड़िया ने अपने भाषण में कहा कि आपकी मांगों को धीरे-धीरे पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में जनपद सदस्य माधव गिरी, नेतराम भांडेकर, अंकालू साहू, गुलाब जैन, संतोष गुप्ता, देवलाल निषाद, कान्हा टॉक मंच पर विराजमान थे।

### श्रीमद् भगवत गीता का हुआ आयोजन

**दुर्ग।** डबरा पारा उत्तर भिलाई 3 में श्रीमद् भागवत गीता का भव्य आयोजन हुआ। जिसमे वक्ता पंडित चंद्रकांत शर्मा थे। स्वर्गी परदेशी लाल साहू के स्मृति में उनके पुत्र ओमप्रकाश साहू ,गौतम साहू, मंगतीन बाई साहू द्वारा यह कार्यकर्म किया गया। वक्ता शर्मा जी द्वारा भगवान श्री कृष्णा जी का जीवन लीला का वृत्तांत अपने मुखारविंद से किया गया। भगवान के जन्म कैसे हुए, कैसे बाल लीला किए, गोवर्धन पर्वत उठाए, वामन अवतार, कालिका अवतार, रुक्मणि विवाह सभी बाते बताई गई। अंत में हवन के साथ महाभोग भंडारे का आयोजन किया गया। उक्ता जानकारी युवा सेवा संघ ओमप्रकाश साहू ने दी।

### जिपं सामान्य सभा की बैठक 28 दिसंबर को

**दुर्ग।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 28 दिसंबर 2023 को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष मंस आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागों के विभिन्न विषय एवं कार्य सूची पर चर्चा की जानी है। जिसके अंतर्गत कृषि विभाग की समीक्षा, स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा, शिक्षा विभाग की समीक्षा, वन एवं पर्यावरण विभाग के कार्यो की समीक्षा, 15 वॉ वित्त आयोग के अंतर्गत 2023-24 कार्ययोजना का अनुमोदन एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों की भी समीक्षा की जाएगी।

### बंधक श्रमिक सर्वेक्षण का कार्य 21 से 30 दिस. तक

**दुर्ग।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार दुर्ग जिले में बंधक श्रमिक सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा। उक्त सर्वेक्षण हेतु जिला स्तरीय सतर्कता समिति द्वारा नेहरू युवा केन्द्र, दुर्ग को सर्वेक्षण एजेंसी चिन्हित किया गया है। सहायक श्रमायुक्त दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार उक्त सर्वेक्षण एजेंसी के वालिंटियर्स एवं सहायक श्रमायुक्त कार्यालय, दुर्ग के श्रम निरीक्षक के सहयोग से 21 दिसम्बर से 30 दिसम्बर 2023 तक दुर्ग जिले में अवस्थित संस्थाओं उद्योग/इंट भट्ठा/कृषि फॉर्म एवं नगरीय निकाय में स्थित दुकान व होटल में सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा।

# खुटेरी से बोदल-कुथरेल पहुंच मार्ग जर्जर, पैदल चलना भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

गांव और शहर के विकास के लिए सड़क की अहम भूमिका होती है। एक तरफ सरकार गांवों और शहरों में चमचमाती सड़क बनाने की बात करती है, तो वहीं गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम खुटेरी से बोदल, कुथरेल पहुंच मार्ग दयनीय हालत में है।

खुटेरी भट के ग्रामीण विगत बीस साल से इस जर्जर सड़क को संवारने जनप्रतिनिधि के चौखट से लेकर अधिकारी तक को आवेदन देते थक चुके हैं, मगर आज तक इन पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। जनप्रतिनिधि चुनाव के पहले बड़े–बड़े वादे तो करते हैं, मगर चुनाव जीत जाने के बाद भूल जाते हैं। बोदल-कुथरेल को जोड़ने वाली यह तीन किलोमीटर महत्वपूर्ण सड़क रख–रखाव व मरम्मत के अभाव में दम तोड़ चुकी है। यह सड़क आज पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। गिट्टी उखड़कर बिखरे पड़े हैं। इस जर्जर सड़क पर वाहन तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जर्जर सड़क के चलते वाहन चालक व राहगीर आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। बारिश के दिनों में किसानों को ज्यादा तकलीफ होती है। खुटेरी के ग्रामीण जिला पंचायत सदस्य व जनपद सदस्य को भी कोसते नहीं थक रहे हैं।

### ग्रामीणों ने सड़क की जल्द मरम्मत की मांग की



#### अपनी सरकार में सड़क नहीं बनवा सके विधायक, अब फिर किया दावा



ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जनप्रतिनिधियों से लेकर अफसरों तक मांगपत्र देकर सड़क बनवाने की मांग की जा चुकी है। लेकिन अब तक इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में सड़क पर आवाजाही और भी मुश्किल हो जाती है। खासकर किसानी के दिनों में ज्यादा परेशानी होती है। बोदल जाने के लिए अचौद, रजोली होकर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है। इधर गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने बताया कि पिछले वर्ष खुटेरी बोदल मार्ग को बजट में शामिल किया गया था, मगर नहीं हो पाया। नए बजट में इसको शामिल कर निर्माण कराया जाएगा।

**प्रवचन :** संगीतमय शिव पुराण कथा में बह रही ज्ञान की अविरल धारा

# मोह से बचना-चरित्र की रक्षा करना भवसागर पार करने में मददगार : पंडित देवेन्द्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

जीवन में मोह से बचना और चरित्र की रक्षा करना संसार के भवसागर को सुगमता से पार करने में मददगार साबित होती है।

- भारतीय संस्कृति सिखाती है विकृतियों से कैसे बचें

मोह शक्ल व्याधि कर मूला, मानव जीवन साधना के लिए है, शिव तत्व को प्राप्त करने के लिए है। जिस प्रकार नारद जी ने तप तो किया पर तप की प्रशंसा ने अहंकार को जन्म दे दिया और नारद के जीवन में क्रोध, लोभ, मोह ने जन्म ले लिया। संगीतमय शिव पुराण कथा में ज्ञान की अविरल धारा प्रवाहित करते हुए पंडित देवेंद्र पाठक ने नारद मोह और कुबेर चरित्र का जीवंत चित्रण करते हुए जनमानस के पटल पर प्रभावी असर डालते हुए कहा कि सब कुछ मानव प्राप्त कर लेता है, साधना तप के बल पर एक भी दुर्गुण जीवन में आते ही सारी साधना निरर्थक होने लगती है। मानव का पतन की ओर बढ़ने लगता है, जिसे आप दूसरो में महसूस करने लगते है। अच्छा तो यह होगा कि स्वयं पर भी नजर रखे।

### धर्म सत्संग में पहुंचने कार्य समय का कुशल प्रबंधन करें

पंडित जी ने कहा कि धर्म सत्संग में पहुंचने के लिए कार्य समय का कुशल प्रबंधन करे, धर्म आपके जीवन के कुशल प्रबंधन के लिए मददगार साबित होगी। कुशल प्रबंधन के अभाव में तो ही जीवन अस्तव्यस्त है। ज्यादा मेहनत करने के बाद में भी सुकून-शांति नही मिल पाती है। जबकि कुशल प्रबंधन के धनी कम मेहनत में भी अपेक्षाकृत अच्छा जीवन जीते हुए आपके सामने प्रस्तुत दिखता है। धर्म, ईर्ष्या, द्वेष नहीं अपनी लकीर बढ़ाने की राह दिखाती है।

### धर्म स्वयं पर नजर रखना सिखाती है

शिवपुराण मर्मज्ञ देवेंद्र पाठक ने कहा कि हमारी भारत की संस्कृति विकृतियों से बचने का उपाय बताती है, धर्म के सानिध्य में आने के लिए अवसर उपलब्ध कराती समझाती है और जो अंगीकार करते है, उनके जीवन को सफल भी बनाती है। धर्म से दूरी का मतलब है स्वयं से दूर होते जाना। उन्होंने कहा कि अपने आप को आगे बढ़ गए मानने वालो को आत्म अवलोकन अवश्य करना चाहिए। कहीं वे किसी मामले में गिरे तो नही है।

### चरित्रवान की सर्वत्र पूजा होती है

पंडित देवेंद्र पाठक ने कहा कि चरित्र अनमोल रत्न है। इस रत्न की रक्षा विवेक जागृत कर प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। जब जीवन पद, धन, वैभव से परिपूर्ण होने लगता है, उस दशा में व्यक्ति को चौकन्ना रहना चाहिए। उनके इस वैभव को मिट्टी पलीत करने में मन मस्त कामना चुपके से प्रवेश करने अहम भूमिका निभाती है। सदचरित्र से परे हो रहे व्यक्ति को लगता है, उनकी चारित्रिक कमियों की खबर किसी को नहीं होगी। यह गलफहमी है, यह बात छुपती नही है, खबर तो उड़ ही जाती है, जिससे वे स्वयं बे खबर होते है और वह इमेज नही बन पाती, जिसके हकदार होना चाहिए। ध्यान रखे चरित्रवान की सर्वत्र पूजा होती है।

# अयोध्या के लिए आमंत्रण देने 31 को निकाली जाएगी भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर




नगर में 31 दिसंबर को हिन्दू संगठनों द्वारा अक्षत कलश वितरण एवं भव्य कलश यात्रा दोपहर 1 बजे से राम जानकी गायत्री मंदिर से निकाली जाएगी। इस दौरान श्री राम जन्म भूमि अयोध्या से आए अक्षत को गुरूर ब्लाक के सभी 122 गांवो के श्रद्धालुओं को अक्षत कलश वितरण किया जाएगा। इसके पूर्व विकासखण्ड के 122 ग्रामों की रामायण मंडली, लीला मंडली, ग्राम समूह, महिला समूह सहित विभिन्न धार्मिक संगठनों को जोड़ने एवं सक्रिय करने का प्रयास विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा आरंभ कर दिया गया है।

- विकासखंड के 122 गांवों में किया जाएगा अक्षत कलश का वितरण

बीते एक सप्ताह से विश्व हिन्दू परिषद् के सदस्य ग्रामों में जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं एवं सामूहिक बैठक भी कर रहे है। विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा विकासखण्ड के सभी 122 गांवों में अक्षत कलश वितरण कर ग्रामीणों को 22 जनवरी 2024 को होने वाले भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पहुंचने का आमंत्रण दे रहे हैं। इसके साथ ही ग्रामीणों की इसमें सहभागिता के लिए अन्न दान भी लेंगे। ग्रामीणों द्वारा प्राप्त अन्न को विकासखण्ड में संग्रहित कर उसे विशेष वाहन द्वारा आयोध्या भेजा जाएगा, जो आयोध्या मे आयोजित होने वाले भंडारे में उपयोग किया जाएगा।

विश्व हिन्दू परिषद् की गुरूर ईकाई को आयोध्या से भेजा गया अक्षत कलश प्राप्त हो चुका है, जिसे अब ग्राम ग्राम में 31 दिसंबर को भेज कर आमजन को इससे जोड़ा जाएगा। विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंग दल, दुर्गावाहिनी की मातृशक्तियों द्वारा श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह की भव्यता को प्रत्येक घर तक पहुंचाने के लिए एवं जनभावनाओं को जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है, जिसे ग्रामों में भरपूर सहयोग और समर्थन मिल रहा है।

जिसमें प्रमुख पदाधिकारी विश्व हिंदु परिषद जयंत साहू, चौलेश देशमुख, लोकेश साहू, राकेश साहू, हरीश टुवानी, नूरसिंह केहरी, बंटी गंजीर, रेखराज, मिश्री लाल, राकेश अटल, मनीष साहू, सोनू देवदास, स्वेता राजपूत, पूनम साहू, योगिता शर्मा, पिंकी चंद्राकर के साथ संगठन के लोगो का सहयोग रहेगा।



### गैस सिलेंडर मिलने के बाद भी चूल्हा जलाने की जद्दोजहद

**गुरूर।** सरकार द्वारा महिलाओं को धुआंमुक्त जीवन के लिए उज्जवला गैस योजना के तहत गैस चूल्हा व सिलेण्डर दिया गया है। उसके बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में जंगल जा रही हैं। वे सिर पर लकड़ी का गट्ठर रखकर ला रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य खत्म होने के बाद महिलाओं द्वारा जंगल से लकड़ी लाने का कार्य किया जाता है।

# साहू समाज के परिचय सम्मेलन में तैलिक ज्योति पत्रिका का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



संगठनात्मक एकता विजय और कार्यसिद्धि का मूलसूत्र है। दिव्य प्रतिभाओं का एकीकरण लोक कल्याणकारक है। संसार के समस्त श्रेष्ठ कार्य एकात्म भाव से ही सिद्ध होते हैं। अतः सबको साथ लेकर चलें, जो परिवार और समाज संगठित होता है, वह नित नए सोपान तय करता है।

उक्त बातें प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहलसिंग साहू ने कही, टहल सिंह ने जिला स्तरीय साहू समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन में आए समाज के युवक-युवतियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो समाज के नियमों का पालन करते है, वे प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं। विदित हो कि जिला साहू संघ के तत्वाधान में अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा 17 दिसंबर रविवार को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय जिला स्तरीय साहू समाज युवक–युवती परिचय सम्मेलन एवं तैलिक ज्योति 12वें अंक का विमोचन किया गया। अध्यक्षता जिला साहू संघ अध्यक्ष सोमन साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, प्रीतम साहू, प्रदेश महामंत्री हलधर साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सोनवानी, प्रदेश प्रमुख सलाहकार पवन साहू एवं पूर्व जिला साहू संघ अध्यक्ष किशोरीलाल साहू एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

तैलिक ज्योति पत्रिका के संपादक प्रोफेसर डॉ. कमलराम साहू ने तैलिक ज्योति पत्रिका के महत्व से अवगत कराया। पत्रिका में बालोद जिला के साथ ही दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, कांकेर, रायपुर के साथ ही अन्य जिलों के विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय प्रकाशित किया गया है।

परिचय सम्मेलन के माध्यम से समाज के लगभग 150 युवक-युवतियों ने मंच पर अपना एवं परिवार के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में तहसील साहू संघ अध्यक्ष मदनलाल सोनबरसा बालोद, महेन्द्र साहू गुरूर, मानसिंग सार्वा गुण्डरदेह, राजेन्द्र साहू डौण्डीलोहारा, सोमश साहू डौण्डी, युवराज साहू दल्लीराजहरा, नरेन्द्र हिरवानी देवरी, उमाशंकर साहू अर्जुन्दा तथा समस्त परिक्षेत्र एवं ग्रामीण पदाधिकारियों का योगदान रहा।

# भरदा में शुरू हुई संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता



**गुरूर।** ग्राम भरदा में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता जिला पंचायत सभापति ललिता पीमन साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति ने उद्बोधन के माध्यम से ग्रामवासियों को आयोजन के लिए धन्यवाद के साथ बधाई प्रेषित किया।

साथ ही प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन करते हुये भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। मुख्य अतिथि ने ध्वजा रोहण के साथ परेड को सलामी लेकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सभापति ममता मनहरण साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में संकुल के सरपंचगण रोहित निषाद, लीलाराम सिन्हा, तामेश्वरी साहू, माधुरी ज्योति, बाल क्रीड़ा के अध्यक्ष तुलसी राम ठाकुर, उपाध्यक्ष परदेशी राम निषाद, सदस्य कादिर अहमद, जमील खान, पत्रकार दुलार साहू सहित संकुल के सभी स्कूलों के शिक्षकगण, प्रतिभागी गण, व भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### ग्रामीणों को दी गई शासन की ...

प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी यशवंत देशमुख और स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय का निर्माण कराने वाले रामविचार साहू ने अपने अनुभव भी साझा किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत की अध्यक्ष प्रेमलता साहू, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, जनपद सदस्य छगनलाल देशमुख, सरपंच अरूण कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### खराब बारदानों ने ...

के अंदर खराब अनुपयोगी बारदानो को जानकारी नहीं देने पर उस बारदाने की कीमत समिति से वसूली की जाती है। इसके कारण समिति को स्थाई रूप से अतिरिक्त कर्मचारी रखकर बारदानों की छंटनी करनी पड़ रही है, जिससे समितियों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

### मुख्यमंत्री से मिला ...

विभाग की मौलिकता को नष्ट करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी गई। निजी पत्रिका को जबरदस्ती प्रदेश के स्कूलों को क्रय करने के लिए बाध्य किया गया। शिक्षकों को लगातार परेशान किया तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कोई प्रयास भी नहीं किया गया, बल्कि कोर्ट के निर्णय की भी गलत व्याख्या कर संशोधित शिक्षकों को प्रताड़ित किया। संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनके आतंक से त्रस्त शिक्षकों को अब नई सरकार से बड़ी उम्मीदें है कि वे शिक्षा विभाग को भेदभाव और भ्रष्टाचार से ग्रस्त शिक्षा विभाग को पुनः पटरी पर लाने का कार्य करेंगे व शिक्षकों की समस्याओं का भी उचित समाधान किया जाएगा। संघ ने कहा कि शिक्षा विभाग को बदहाल बनाने वाले संविदा अधिकारी की निष्पक्ष जाँच कराई जानी चाहिए। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कर्मचारियों व शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निराकरण का आग्रह किया। संघ ने मांग की कि समस्त प्रभावित शिक्षकों को उनके संशोधित शाला में कार्यभार ग्रहण कराकर उनका लंबित वेतन तत्काल जारी किया जाए। केंद्र के बराबर, देय तिथि से ही डीए, एचआरए प्रदान कर पूर्व सरकार द्वारा दबाई गई एरियर्स राशि प्रदान की जाए।

प्राचार्य, व्याख्याता, मिडिल प्रधान पाठक, शिक्षक, प्राथमिक प्रधान पाठक के हजारों रिक्त पदों पर पदोन्नति की जाए। सेवा अवधि की गणना करते हुए पुरानी पेंशन, क्रमोन्नति व वेतन निर्धारण किया जाए, जिससे सभी वर्गों की वेतन विसंगतियाँ दूर हो।

**नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन की ओर से जामगांव आर में किया गया आयोजन**

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, सिलाई व पार्लर का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन दुर्ग, भिलाई महिला अध्यक्ष भारती सोनबेर के मार्गदर्शन में जामगांव आर में संचालित सिलाई एवं पार्लर प्रशिक्षण के समापन समारोह में प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मान रविवार को किया गया।

- सत्र समाप्त होने के बाद प्रशिक्षण करने वाली महिलाओं को दिया गया प्रमाण पत्र






समारोह मंच पर प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश सिंह, प्रशिक्षण क्रार्यक्रम संस्थापक श्याम गुप्ता, महिला प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कविता छाबड़ा, महिला जिला प्रभारी गीतांजलि धांधले, महिला जिला अध्यक्ष भारती सोनबेर, जिला कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट सन्दीप नागरे, जिला महिला जिला उपाध्यक्ष अनपूर्णा साहू, उपाध्यक्ष सुनीता राहटे, महिला जिला कोषाध्यक्ष मंचासीन रहे। प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने कहा कि नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन गैर राजनीतिक संगठन है और ये हमारा एक बहुत बड़ा परिवार है, इस परिवार से आप सभी सेवा भावना से जुड़े और अध्यक्ष भारती की तरह ही नेक कार्यों को अंजाम देते रहे। अध्यक्ष भारती सोनबेर ने कहा कि प्रशिक्षण निरंतर जारी रहेगी, अधिक से अधिक लाभ उठाए।

जिला प्रभारी गीतांजलि ने सफल कार्यक्रम की सराहना की। व्याख्याता हाई स्कूल सुरपा सरोज देवांगन ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जागरूक और संगठित करने, महिलाओं के लिए रोजगार अपने पैरों में खड़े हो सके सार्थक प्रयास कंठ मुक्त प्रशंसनीय है। प्रधान पाठक भनसुली हुलसी नेताम, महिला मोर्चा अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, पंच नंदनी साहू, सुरूची साहू, पिलेश्वरी, फूलेश्वरी, प्रेमीन साहू सहित अच्छी खासी संख्या में

### इन्हें मिला प्रमाणपत्र

प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इनमें सुनीती साहू, दामनी साहू, सरीता यादव, उमा साहू, चेतना ठाकुर, मेनका देवांगन, सुनीता चक्रधारी, सोनिया, गीजा कुम्हार, भुमिका चंद्रकार, हेमलता, संगीत सेन, बरखा चंद्रकार, दुरगेश्वरी ढिमर, शैलेंद्री मंडावी, मधु नेताम शामिल रही। कार्यक्रम के सफल संचालन में पार्लर गुरु किरण साहू, सिलाई गुरु बसंती साहू, सचिव नरेश महतो मीडिया प्रभारी शुभम साहू का सराहनीय योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

## युवक की हत्या कर आरोपी फरार



**भिलाई।** पुरानी रंजीश के चलते युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। आरोपी मौके से फरार है। घटना की सूचना पर कोतवाली दुर्ग पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का शिनाख्त करने के बाद मरचूरी भेज दिया गया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि बेलदार पारा हनुमान मंदिर के पास नया पारा दुर्ग निवासी रॉकी देशमुख 24 वर्ष की लाश बघेरा रेलवे फाटक के पहले मिला है। रॉकी के सिर समेत शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट के निशान मिले है। घटनास्थल पर पुलिस को लाठी और डंडा भी बरामद हुआ है। मृतक मजदूर किस्म का है। पुलिस ने मृतक का शिनाख्त आसपास के लोगों से पूछताछ करने के बाद हो पाया है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दिया। पुलिस ने आसपास में लगी सीसी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है। सीएसपी मणी शंकर चंद्रा ने ने बताया कि आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आसपास के संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखी गई है। मृतक को कहां-कहां पर चोट आई है। पीएम के बाद ही इसका पता चल पाएगा।

## रकम दुगुना करने का झांसा, 13 लाख की ठगी



**भिलाई।** रकम दोगुना करने के नाम पर चिटपंड कंपनी खोलकर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी क्राइम डॉ अनुराग झा ने बताया कि गुलाब सोनकर नामक व्यक्ति ने दमन फायनेंस कंपनी धोलाकेडा चंड़ीगढ़ में पैसा निवेश कर अधिक लाभ का विज्ञापन पेसबुक में दिया था। जिसे देख पीड़ित ने कंपनी के नंबर पर कॉल किया और माह जनवरी से जून 2023 तक अलग अलग किस्तों में 13 लाख 447 रुपए कंपनी द्वारा बताए गए खातों में ऑन लाइन पीड़ित ने रुपए ट्रांसफर किया। निवेश की अवधी पूरा होने के बाद भी दमन फायनेंस कंपनी रकम नहीं लौटाया। पुलिस में शिकायत के बार आरोपी की तलाश में एसीसीयू और भिलाई नगर की टीम जुट गई। पीड़ित की जिस नंबर से बातचीत हुई थी। उस नंबर का लोकेशन ट्रेस करने के बाद आरोपी परीक्षित चक्रवर्ती को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने घटना को करना स्वीकार किया है।

### अभियान : जगह-जगह लगाए गए स्टॉल, हितग्राहियों को योजनाओं का दिया जा रहा लाभ

# गांव-गांव पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीणों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई 'विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफर बालोद जिले में निरंतर जारी है।

जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम हरदी ट और भरदा ट तथा बालोद विकासखण्ड के ग्राम दरबारी नवागांव और डेंगरापार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' प्रचार रथ के ग्राम में आगमन होने पर महिलाओं तथा ग्रामीणों द्वारा पूजा–अर्चना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आमजनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आमलोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयॉ भी वितरित की गई। इस अवसर पर केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम हरदी ट में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 132 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया, जिसमें 45 नए कार्ड बनाए गए हैं। 36 लोगों की सिकलसेल जांच की गई। उज्जवला योजना के अंतर्गत 04 हितग्राही को घरेलू रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। किसान सम्मान निधि के तहत 02 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभाथएँ मोहनी बाई ठाकुर ने अपने अनुभव भी साझा किया। कार्यक्रम में सरपंच शशीकला ठाकुर, जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा की सीईओ रोशनी भगत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। इसी प्रकार ग्राम भरदा ट में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 176 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरीत किया गया, जिसमें 08 नए कार्ड बनाए गए हैं। उज्जवला योजना के अंतर्गत 05 हितग्राही को घरेलू रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। किसान सम्मान निधि के तहत 02 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया तथा 02 किसानों को केसीसी वितरण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच राधिका देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### दरबारी नवागांव में पहुंची यात्रा

बालोद विकासखण्ड के ग्राम दरबारी नवागांव में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 03 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया तथा 77 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। उज्जवला योजना के अंतर्गत 05 हितग्राही को घरेलू रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। किसान सम्मान निधि के तहत 03 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया तथा 02 किसानों को केसीसी वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य छगन देशमुख, सरपंच गिरीश निर्मलकर, जनपद पंचायत बालोद के सीईओ पीताम्बर यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। इसी प्रकार ग्राम डेंगरापार में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 03 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरीत किया गया तथा 17 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। उज्जवला योजना के अंतर्गत 03 हितग्राही को घरेलू रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। किसान सम्मान निधि के तहत 03 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया तथा 03 किसानों को केसीसी वितरण किया गया।

### पैरी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**गुण्डरदेही।** विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को ग्राम पैरी पहुंची, जहां प्रचार वैन के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं जैसे मातृ वंदन योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला सहित अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। यह सुनिश्चित किया गया कि जो भी हितग्राही हैं, वे इन सभी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि प्रमोद जैन, पैरी सरपंच रूपेंद्र देशमुख, जनपद सदस्य रमादेवी ठाकुर, नायब तहसीलदार, गुण्डरदेही स्वास्थ्य विभाग, कृषि विस्तार अधिकारी, ग्राम पटेल गैंदसिंह साहू, नरेंद्र सोनबोईर व बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व ग्रामवासी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। जैन ने बताया कि इस विकसित संकल्प यात्रा में केंद्र सरकार की योजनाएं जैसे खाद्य सुरक्षा योजना, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 18 लाख लोगों का आवास बनना है, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 3 लाख तक बिना किसी गारंटी के लोन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी हितग्राही इन सभी योजनाओं का लाभ उठाना चाहते हैं, वह इस कार्यक्रम में आकर किसी भी योजना से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## कुर्मी आइडल नृत्य-2023 के लिए हुआ आडिशन



**अंडा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के प्रांतीय अधिवेशन व कूर्मि संझा 23 व 24 दिसम्बर को पुरानी मंडी कुरूद जिला धमतरी में होने जा रहा है। समाज की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए युवा समिति छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज द्वारा कूर्मि आइडल नृत्य 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत सामूहिक नृत्य व एकल-युगल दोनों में पांच-पांच पुरस्कार रखे गए हैं। इसके साथ ही प्रत्येक प्रतिभागी को प्रतीक चिन्ह, मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके लिए भिलाई व रायपुर के बाद 17 दिसम्बर को दुर्ग में दिल्लीवार कूर्मि भवन सुभाष नगर में आडिशन लिया गया। इसमें 14 एकल युगल व समूह ने अपना आडिशन दिया। इसके बाद अंतिम आडिशन 19 दिसम्बर को चंद्राकर भवन कुरूद जिला धमतरी में लिया गया। चयनित प्रतिभागियों को ही कूर्मि आइडल नृत्य 2023 में स्थान मिल पाएगा। दुर्ग आडिशन में युवा अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख, महासचिव कमलेश देशमुख, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्त्म देशमुख, पवन दिल्लीवार, संगठन सचिव व कूर्मि आइडल के संयोजक प्रदीप देशमुख कोठिया, चिन्तामणी देशमुख, पोसन देशमुख, पारस दिल्लीवार, दानेश्वर देशमुख आदि उपस्थित थे।

## हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति ने जरूरतमंदों को बांटे गरम कपड़े



**दल्लीराजहरा।** नगर की हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति ने जरूरतमंदों को गरम कपड़ों का वितरण किया। उल्लेखनीय है कि समिति के सदस्यों ने विगत दिनों दल्ली राजहरा की आम जनता से अपील की थी कि ठंड का मौसम आ रहा है। हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति के माध्यम से बुजुर्ग और असहाय लोगों को गरम कपड़ा बांटा जाएगा, जो कोई समिति को कपड़ा या नकद राशि दान करना चाहे, दान कर सकता है। समिति की अपील पर दल्ली राजहरा के निवासियों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

समिति को जहां नकद राशि के रूप में 16000 रुपए प्राप्त हुए, वहीं एक दुकानदार ने गरम जैकेट, बच्चों के लिए स्वेटर तथा एक दुकानदार ने छोटे बच्चों के लिए कपड़े दिए। समिति के सदस्यों ने संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती एवं गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर दल्ली राजहरा के विभिन्न वार्डों में घूम-घूमकर कंबल 80 नग, ऊन की बनी मंकी टोपी 80 नग, 21 नग टू इन वन जैकेट, 20 बच्चों को स्वेटर एवं 25 जोड़े बच्चों के कपड़े जरूरतमंदों को प्रदान किया। समिति के सदस्यों का कहना है कि कोई मां इस ठंड के मौसम में ना ठिठुरे इसलिए हम लोग निर्धन और असहाय लोगों को गरम कपड़ा प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। समिति के सदस्यों ने इस अभियान के लिए कपड़े व नकद राशि दान करने वाले दानदाताओं का आभार व्यक्त किया।

## शासकीय विद्यालय आलबरस में लगा आनंद मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, कन्या प्राथमिक शाला एवं बालक प्राथमिक शाला आलबरस में आनंद मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वयं से बनाकर विविध प्रकार के व्यंजनों से स्टॉल लगाए । जहां उन्होंने अपने व्यावसायिक शिक्षा को सकारात्मक तरीके से प्रस्तुत किया एवं व्यावसाय करने के तरीकों को समझा ।

- बच्चों ने अपने हाथों से बनाए विविध प्रकार के व्यंजनों के लगाए स्टाल

बच्चों ने मेला को और मनोरंजक बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना ,पंथी गीत, करमा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान ग्रामीण जनों ने आनंद आनंद मेला कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए बच्चों का हौसला बढ़ाया आनंद मेला देखने आए लोगों ने बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल से विभिन्न प्रकार के व्यंजनों ब्रेड पकोड़ा, भजिया, चाइनीस पकोड़ा, इडली, गुपचुप, चना भेल, चाय, फल ,गुलगुल भजिया ,चौसेला, मनोरंजक गेम्स सहित छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को खरीद कर स्वाद लिया जिससे बच्चों को काम कर पैसा कमाने का हुनर सीखने को मिला।

इस अवसर पर सरपंच आशा देशमुख, प्रधान पाठक गुमिता साहू, आत्माराम कुर्रे, सावित्री चंदेल ,संकुल समन्वयक रूदा जनार्दन साहू, संकुल में अपनी संकुल समन्वयक निकुम संजय चंद्राकर ,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष हेमलाल गायकवाड, पुलिस संघ सदस्य कामता प्रसाद डाहरे, खिलेश्वरी पारकर, रेखा देवी चंदेल अन्नपूर्णा निषाद, कांतिलाल देशमुख, महेश साहू ,शिक्षक मोहिनी देशमुख ,गीता कौशिक, रेखा भारदीय , लक्ष्मीनारायण साहू, सुरेखा ठाकुर, विनोद साहू सफाई कर्मचारी सफाई कर्मचारी वासुदेव चेलक, सुरेंद्र देशमुख, भेषज चंदेल एवं बहुतायत संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित करने निकाली जा रही शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



आयोध्या में होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आम जन को जोड़ने एवं उन्हें आमंत्रित करने के लिए विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंग दल, दुर्गावाहिनी के सदस्य लगातार ग्रामों में संपर्क कर बैठक ले रहे हैं।


इसी क्रम में जिले में चार प्रमुख स्थानों पर भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा भगवान राम की भव्य कलश यात्रा के साथ शोभा यात्रा 23 से 31 दिसंबर तक जिले के विभिन्न शहरों में निकाली जाएगी। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर को दल्लीराजहरा, 24 दिसंबर को गुण्डरदेही, 30 दिसंबर को बालोद शहर, 31 दिसंबर को गुरूर नगर में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। आयोध्या से पहुंचा हुआ अक्षत कलश वर्तमान में ग्राम झलमला स्थित मां गंगा मईया मंदिर में रखा हुआ है। यहां से अक्षत कलश जिले के सभी विकासखण्डों में भेजा जा रहा है, जहां स्थानीय संगठन प्रत्येक ग्राम में अक्षत लेकर आमजनता को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पहुंचने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। इस दौरान राम सेवक ग्रामीणों से अन्न दान भी ले रहे हैं, जो अन्न इस दौरान प्राप्त होगा उसे आयोध्या भेजा जाएगा। इस अन्न का उपयोग वहां होने वाले भण्डारे एवं महाप्रसादी में किया जाएगा।

## मैराथन दौड़ के दौरान सीनियर मैनेजर की मौत

**रायपुर।** नवा रायपुर में सारडा ग्रुप द्वारा आयोजित मैराथन दौड़ के दौरान ग्रुप के सीनियर मैनेजर की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा की मैनेजर की मौत किन कारणों से हुई है। मैनेजर की हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। घटना राखी थाना क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक मैराथन दौड़ के दौरान सारडा ग्रुप के सीनियर मैनेजर टाटीबंध निवासी 46 वर्षीय गजानंद इंगले की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार नवा रायपुर में रविवार को लेट्स रन छत्तीसगढ़ द्वारा द ग्रेट रन छत्तीसगढ़ मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। मैराथन दौड़ में श्री इंगले भी शामिल थे, दौड़ के दौरान पुलिस मुख्यालय के पास श्री इंगले बेहोश होकर गिर गए। श्री इंगले के गिरने के बाद अन्य धावकों ने उन्हें उठाने की कोशिश की। इस दौरान मौके पर पुलिस तथा एंबुलेस पहुंच गई और गजानंद को उपचार कराने अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रतियोगिता चार अलग-अलग वर्ग में 10, 21, 42 तथा 6 वर्ग किलोमीटर में आयोजित किया गया था।



KS GROUP
PUNJAB | INDIA
KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265



SONALIKA
LEADING AGRI EVOLUTION
AGRO SOLUTIONS
CHALLENGER HEAVY DUTY
ROTARY TILLER
- Challenger rotary tiller offers best in class pulverization and hence optimum seed germination.
- Best in class pulverization & hence optimum Seed germination.
- Ensures excellent cutting and mixing of crop residue.
Bigger & Strong (8 Module 13x23) CROWN & PINION
Big Size Bearings
More Stronger (55 mm Big Dia) TRANSMISSION SHAFT
WORLD'S NO.1 HEAVY DUTY RANGE
Authorised Dealer
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन
पर्सनल लोन
होम लोन
कार लोन
मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### बालोद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जैतखाम के आसपास की सफाई

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर बालोद नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा में भाजपा शहर मंडल बालोद के कार्यकर्ताओं ने नगर के सभी जैत खम्ब के आसपास साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।वहीं, सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास बाबा के जन्म जयंती का समाज के लोगो को बधाई देकर अपने आसपास स्वच्छता रखने का संकल्प भी दिलाया। स्वच्छता अभियान के तहत पाण्डेपारा, जवाहर पारा, कांसीबन तालाब पार के आसपास नगर पालिका के कर्मचारियों के सहयोग से साफ सफाई की गई। इस दौरान मुख्यरूप से पार्षद कमलेश सोनी, शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, महामंत्री द्वय संतोष कौशिक, नरेंद्र सोनवानी, अमित चोपड़ा, विनोद जैन, कमलेश गौतम, दीपक देवांगन, राज सोनी, दयालराम, सुरेंद्र कुमार, जोहन राम सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ड्रोन से किया नैनो डीएपी का छिड़काव



**बालोद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिला बालोद के ग्राम पंचायत सांकरा में ड्रोन द्वारा नैनो डीएपी का छिड़काव किसान के खेत में किया गया। इसके साथ ही इस नई ड्रोन टेक्नोलॉजी के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारीगण, कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी, इफको कम्पनी के अधिकारी एवं डेमोंस्ट्रेशन के लिए ड्रोन उपलब्ध कराने वाली भारत सरकार की कंपनी एनएफएल से प्रभारी एसके भगत रायपुर एवं जिला प्रभारी देबशिश प्रूस्टी उपस्थित थे। इस दौरान कृषि कार्य के लिए ड्रोन का सफल डेमोंस्ट्रेशन किया गया।

### प्रा.शा. खैरीडीह के खिलाड़ी रहे प्रथम



**डौंडीलोहारा।** संकुल स्तरीय तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 16 दिसंबर तक ग्राम संबलपुर में किया गया। जिसमें संकुल अछोली एवं संबलपुर के प्रतिभागी शामिल हुए। इसमें शा.प्राथ.शा. खैरीडीह के बच्चे 54 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहे। बालक-बालिका कबडडी, बालिका खो-खो, बालक-बालिका रस्साकसी, योग, व्यायाम, रिलेरेस, गोलाफेंक, 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान मिला। इस अवसर पर प्रधान पाठक श्रीमती डिलेश्वरी साहू, श्रीमती ज्योति केकती, श्रीमती देवकी ठाकुर उपस्थित रहे।

**जयंती :** धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरू घासीदास की जयंती, शोभायात्रा में दिखा श्रद्धा व संस्कृति का संगम

# टिकरी में निकाली गई भव्य शोभायात्रा, जन-जन तक पहुंचाया मनखे-मनखे एक बरोबर का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

मनखे-मनखे एक बरोबर का संदेश देने वाले संत जिन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ राज्य को सत्य, अहिंसा और शिक्षा की प्रकाष्ठता में पिरोया और रूढ़िवादी, अंधविश्वास को दूर किया ऐसे सन्त परम-पूज्य संत गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती के उपलक्ष्य में टिकरी में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। श्रद्धालु घासीदास बाबा जी के जयकारे, मांदर की थाप पर पंथी नृत्य की संगीत में खूब थिरकते रहे। सतनाम संदेश यात्रा में सर्वसमाज सम्मिलित होकर मंडल पारा से भाटापारा, महावीर चौक, रानी लक्ष्मीबाई चौक होते हुए जैतखाम में झंडा चढ़ाया गया। बाबा जी आकर्षक प्रदर्शनी रथ भी बनाया गया। इसमें बाबा जी प्रतिकृति जैतखाम बनी हुई थी, जिसका सर्वसमाज ने पुष्प अर्पित कर सभी चौक में स्वागत किया। मनखे मनखे में एकता का परिचय देते हुए यह रैली गाजे बाजे के साथ झूमते हुए निकली। इस अवसर पर सतनामी समाज अध्यक्ष संतलाल कुर्रे, परस मंडले, ललित जोशी, पुरन मंडले, लीलाधर मंडले, अशोक मंडले, विकास जोशी, शीत देशलहरे, अमृत बघेल, रेखलाल टंडन, पप्पी मंडले, रवी मंडले, रूपेश मंडले, रोहित मारकंडे, डिहार मंडले, नेमीचंद मंडले, जय मंडले, कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंतिम कड़ी में सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद स्वरूप भंडारा की व्यवस्था की गई। सभी सतनाम संदेश यात्रा में पधारे श्रद्धालुओं का तहसील साहू समाज युवा प्रकोष्ठ संयोजक वामन साहू ने आभार व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी।







### बोरतरा में धूमधाम से मनाई गुरू घासीदास की जयंती

**गुरूर।** बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर ग्राम बोरतरा में सतनाम समाज ने गांव में शोभायात्रा निकाली। इस दौरान सतनाम समाज ने पंथी गीत गाते हुए हाथ में सफेद ध्वज लेकर गांव की गलियों का भ्रमण किया। गांव के सतनाम समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर शोभायात्रा में हिस्सा लिया। गुरू घासीदास बाबा के जयकारे लगाते हुए गांव की गलियों का भ्रमण करते कार्यक्रम स्थल पहुंचे। यहां गुरु घासीदास बाबा की पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया।

## दल्लीराजहरा में निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**दल्लीराजहरा।** शहर में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

इसमें पंथी नृत्य देखते ही बन रहा था। दल्ली राजहरा के मुख्य मार्ग पर आशा टॉकीज के समीप डॉक्टर जगत बघेल के निवास स्थान के सामने पंथी नृत्य किया गया, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। उसके बाद समारोह में सामाजिकजनों ने गुरु गद्दी व जैतखाम कीपूजा अर्चना कर नगर में सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर सामाजिक जनों के अलावा नगर के जनप्रतिनिधि वार्ड पार्षद और वार्डवासी उपस्थित थे।

ग्राम रायपुरा में मनाई गई गुरु घासीदास जयंती

## समाज में सभी लोगों को समान अवसर मिलना चाहिए : देवलाल

**डौंडीलोहारा।** सत्य मनुष्य का आभूषण है हम सभी को बाबा गुरु घासीदास के बताए रास्ते पर आगे बढ़कर समाज का उत्थान करना होगा। उक्ताशय के उद्गार समीप के ग्राम रायपुरा में सोमवार को संत शिरोमणि बाबा गुरु घांसीदास जयंती पर्व के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने व्यक्त किए। कार्यक्रम को जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर, जिला कार्यकरणी सदस्य जसराज शर्मा तथा मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा व प्रभारी भाजपा डौंडी लोहारा नगर धर्मेन्द्र निषाद ने भी संबोधित किया।

उक्त अवसर पर जैतखाम की पूजा-अर्चना कर बाबा गुरू घासीदास के संदेशों को याद कर उन्हें जीवन में उतारने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने कहा था कि सत्य प्रत्येक मनुष्य का आभूषण है जो भी सत्य के मार्ग पर चलता है। वहीं, समाज के साथ न्याय कर पाता है। इसी तरह बाबा गुरु घासीदास ने कहा कि मनखे-मनखे ,एक समान अर्थात समाज में प्रत्येक व्यक्ति को समानता का अधिकार है। हम सभी को मिलकर सभी लोगों के प्रति सदभावनापूर्वक व्यवहार करना चाहिए। समाज के सभी लोगों को समान अवसर प्राप्त होना चाहिए तभी समाज समानता की भावना से आगे बढ़ पायेगा। इस अवसर पर ग्राम रायपुरा के हरीश बर्मन ,मिथलेश बारले,टोमन गायकवाड़ ,चैत राम बारले ,डेविड बारले,पोषण जोशी ,बुटूराम पूर्णे ,लुमेश टंडन, दुष्यंत बारले,सेवा राम बारले , इन्दू राम जोशी तथा लोकेश बारले सहित सामाजिक गण व ग्रामवासी उपस्थित थे।



### मटिया (अर्जुन्दा) में बाबा गुरू घासीदास जयंती व मड़ई कल

**अंडा।** ग्राम मटिया (अर्जुन्दा) में 20 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती समारोह एवं मड़ई मेला आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रिकालीन मनोरंजन कार्यक्रम मोर संगी जहुरिया नाचा पार्टी गुजरा धमतरी का आयोजन किया गया है। सतनाम समाज के अध्यक्ष ईश्वर गेड्रे ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### चन्दखुरी में गुरू घासीदास बाबा जयंती 24 को

**अंडा।** ग्राम चन्दखुरी में परमपूजय संत शिरोमणी गुरु घासीदास बाबा की जयन्ती के अवसर पर इस वर्ष 24 दिसंबर को कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार आसन गद्दी स्थापना एवं पूजा प्रातः 9 से 11 बजे तक होगी उसके बाद सतनाम शोभा यात्रा प्रातः 11.30 से संध्या 4 बजे तक झंडा रोहण (पालू) शाम 5 बजे मड़ई एवं रायपुर के किसन के सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकरंग की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर होंगे तथा अध्यक्षता सदस्य जिला पंचायत दुर्ग माया बेलचंदन करेंगी।

शोभायात्रा में पंथी नृत्य रही आकर्षण का केंद्र

## गुरु घासीदास जयंती पर विनायकपुर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**अंडा।** बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर्व बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इसी क्रम में दुर्ग जिले के ग्राम विनायकपुर में पिछले 26 वर्षो से बाबा विनायकपुर वाले समाधि लेते आ रहे है। इस वर्ष भी बाबा जी ने करीब 5 घंटे की समाधी लगाई।

इसे देखने दूर-दूर से भक्तगण व श्रद्धालु पहुंचे थे। गुरू घासीदास जी ने पूरे समाज में सत्य की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए समतामूलक समाज की स्थापना का मार्ग दिखाया है। गिरौदपुरी में जन्मे महान संत ने अपने व्यक्तित्व की बदौलत छत्तीसगढ़ की पावन धरा को विशिष्ट पहचान दी है। भव्य शोभायात्रा निकाली गई ग्राम विनायकपुर के मुख्य मार्गो पर बाबा के भक्तों ने विशाल शोभायात्रा निकाली। विनायकपुर वाले बाबा को रथ यात्रा के साथ पूरे ग्राम में भ्रमण कराया गया। साथ ही इसमें नीव सत्य निर्मल धारा नवयुवक पंथी दल ग्राम परसकोल धर्म नगरी धमधा जिला दुर्ग नृत्य के साथ मंगल भजन के गीतों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। सतनामी समाज के लोगों ने इस पर्व के अवसर पर सभी को आपसी प्रेम और भाईचारा का संदेश देते हुए बाबा जी की जयंती पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीजीपी राम निवास, महासचिव पब्लिक हेल्थ वर्क डिजिवन यूनिक ट्रस्ट मुंबई संतोष वर्गा द्वारा बाबा गुरु घासीदास की 267वीं जयंती पर झंडा रोहन कर आरती की गई। मौके पर धनेश राम मारकंडे, गुमान सिंह मारकंडे, नंदकुमार मारकंडे, मोती लाल, डोमन लाल बारले, बिसेसर देशलहारे, राजेश भारती, राजेश मंडाले, आर्यन सूर्यवंशी, शत्रुहान कोसरे, तामेश्वर बारले, अजय साहू, सुरेश साहू, अनुराग साहू, धनराज साहू सहित महिला-पुरुष अनेक बुजुर्ग लोगों ने गुरु घासीदास के सामाजिक सुधार, समरसता एवं मनखे-मनखे एक बरोबर वाली बातों को याद किया।



## जैतखंभ के आसपास स्वयं सेवकों ने की सफाई

**अंडा।** एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत आज परमपून्य बाबा गुरू घासीदास की जयंती अवसर पर ग्राम पंचायत नाहंदा में स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी, निकालकर तथा मानव-मानव एक समान का संदेश देते हुए जैतखंभ के आसपास सफाई किया। शिविर के आज चौथे दिन स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कचादूर और माता कर्मा महाविद्यालय गुंडरदेही के संयुक्त तत्वाधान में बौद्धिक परिचर्चा सत्र सीताराम साहू राष्ट्रीय पुरुस्कार से पुरुस्कृत एमआर यादव वरिष्ठ साहित्यकार, मिथलेश शर्मा राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित, भीखम साहू उपस्थित रहे। आभार डॉ. लीना साहू ने किया। संध्याकालीन बेला में आंचलिक साहित्यकारों का कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच मंजू महेंद्र सोनकर, परसदा सरपंच कुलदीपक साहू, डगनीया सरपंच टिकेश्वर साहू, कार्यक्रम अधिकारी रोशनी साहू, कार्यक्रम अधिकारी डीगेंद्र साहू, कार्यक्रम अधिकारी कोमल कुल्हाडे, के साथ समस्त ग्रामवासी, जगतनारायण, नीतीश, लुकेश, कुमकुम, प्रेरणा, छाया भारती, तोशिका, जयश्री, रुद्रप्रताप, रोशनऔर समस्त स्वयं सेवक उपस्थित रहे।






**माध्यमिक वर्ग में डौंडीलोहारा रहा प्रथम**

## संकुल स्तरीय खेल स्पर्धा में धनगांव रहा प्रथम


हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

त्रिदिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 14 दिसंबर से 16 दिसंबर तक आयोजित हुआ। जिसमें 18 प्राथमिक विद्यालय और 8 माध्यमिक विद्यालय ने भाग लिया और अपने खेल का प्रदर्शन किया।

स्पर्धा में प्राथमिक विद्यालय धनगांव 41 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसमें कबड्डी, रिलेरेस, योग तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल था। इसी तरह माध्यमिक विद्यालय में बालक डौंडीलोहारा 55 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक खो खो, कबड्डी स्पर्धा में प्रथम स्थान बनाया। माध्यमिक विद्यालय अंडी योग, व्यायाम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य निर्णायक सौरभ शर्मा पीटीआई, विशंभर बगमरीया, लोकेश्वर निषाद, अकबर साहू, वैदे सर, बिसे लाल सिन्हा, धर्मेंद्र देशमुख, प्रीति बाला सोनी, धनेश्वरी सोनवानी, विद्यावती साहू, वनिता पटेल, समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। आयोजन में लोकेश्वरी गोपी साहू नगर पंचायत अध्यक्ष डौंडीलोहारा, लुनकरण ठाकुर उपप्राचार्य बालक हायर सेकं स्कूल डौंडीलोहारा, हिमांशु मिश्रा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डौंडीलोहारा शुभारंभ अवसर पर मौजूद रहे। अतिथियों ने कहा कि खेल को खिलाड़ी भावना के साथ खेलना चाहिए तथा निर्णायकों को सत्य निर्णय देकर जिला, संभाग, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना चाहिए। समापन समारोह में एम आर भंडारी सेवानिवृत सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, नोपचंद जैन सन्मति एजुकेशन सोसायटी अध्यक्ष, शिवेंद्र बहादुर साहू व्याख्याता संजारी, दिनेश कुमार जैन सन्मति एजुकेशन सोसायटी उपस्थित थे।





तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 19 दिसंबर 2023

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 ऐसे में कैसे बचेगी हरियाली, नगर निगम के 176 ...



11 बिजली बिल हॉफ योजना को नहीं लगेगा अभी बंद ...



## खबर संक्षेप

### सूखे पेड़ में चार दिन से धधक रही आग

**गुरूर।** नगर के मणिकंचन केन्द्र के पास स्थित सूखे पेड़ में किसी व्यक्ति ने आग लगा दी। इससे पेड़ का ठूंठ जल रहा है। आसपास के लोगों ने बताया कि यह आग बीते चार दिनों से लगी हुई है। नगर पंचायत प्रशासन द्वारा इसे तत्काल बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन आग पूरी तरह बुझ नहीं पाई और चौथे दिन भी सूखे पेड़ में आग धधक रही है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

### राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बैठक आज

**डौंडीलोहारा।** श्री राम मंदिर के प्रथम तल का भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी 2024 को भारत के कोने-कोने से आए संतो के सानिध्य में होने वाला है। इस पावन अवसर पर देश के गांव-गांव में हर गली मोहल्ले में इस दिन दिवाली मनाने गांव के मंदिरों में भजन कीर्तन करने और घर-घर हिंदू समाज को आमंत्रण देने की योजना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद ने किया है। इसी क्रम में डौंडीलोहारा नगर में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए नगर वासियों की बैठक 19 दिसंबर को दोपहर 3 बजे नगर के महाकाली मंदिर में रखी गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विकासखंड संघ चालक महेंद्र जायसवाल ने नगर के समस्त हिंदू समाज से इस बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### शुष्क दिवस पर खूब हुई शराब की अवैध बिक्री

**गुरूर।** गुरू घासीदास जयंती पर प्रशासन द्वारा शुष्क दिवस की घोषणा की गई थी। इस दिन शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया था। लेकिन, कमजोर प्रशासनिक व्यवस्था के कारण फागुनदाह, कवर, पेरपार क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री खूब हुई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 80 रूपये का पौवा 120 से 150 रूपये तक में बेचा गया।

### भिरई में श्री शिव महापुराण कथा कल से

**गुरूर।** ग्राम भिरई में श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 20 दिसंबर से किया जा रहा है, जिसका समापन 26 दिसंबर को होगा। पहले दिन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद दोपहर 3 बजे दीप प्रज्जवलित करने के बाद कथा प्रारंभ की जाएगी। पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संगीता सिन्हा उपस्थित रहेंगी, अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर तामेश्वर साहू करेंगे।

### दुकान में लगी आग लाखों का सामान खाक



**गुरूर।** ग्राम खूंदनी में शनिवार रात चंद्रमोहन किराना दुकान में आग लग गई। इससे लाखों रुपए का समान जल कर राख हो गया। इसमें किराना सामान के साथ ही तीन फ्रीजर, टीवी, कूलर सहित अन्य सामान जल गए। दुकानदार चंद्र मोहन ने बताया कि शनिवार की रात्रि में करीब 10:30 बजे आग लगने की आशंका है। दुकान से धुआं उठता देखकर दुकान के पास में रहने वाले कुंजलाल ने इसकी जानकारी दुकान मालिक को दी। जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने मिलकर करीब ढाई बजे तक अथक प्रयास करके आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने के कार्य में आसपास रहने वाले पड़ोसियों लोकेश्वर साहू, पंकज सोनभद्र, धर्मेंद्र सोनभद्र, नागेश्वर पुष्पराज, तामेश्वर साहू, उमाकांत चित्रसेन, बुद्धलाल साहू, जनक राम, भीखमसाहू सहित आसपास के लोगों ने पूरा सहयोग दिया। इस बीच आग लगने की जानकारी कंवर चौकी पुलिस को दी गई।







### आयोजन : सतनाम धाम से निकली भव्य शोभायात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु

# धूमधाम से मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सतनाम पंथ के प्रवर्तक पूज्य गुरु घासीदास बाबा की जयंती जिला मुख्यालय सहित अंचल में धूमधाम से मनाई गई। शहर सहित अंचल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जहां पर समाज प्रमुखों ने जोड़ा जैतखाम पर ध्वजारोहण कर पूजा-अर्चना की। वहीं जिला मुख्यालय के प्रमुख मार्गों पर भव्य जुलूस निकाला गया। इस दौरान युवाओं की टोली डीजे, ढोल धमाकों की धुन में पंथी करते हुए थिरकते रहे और गुरु घासीदास बाबा के जयकारे लगाते रहे। सतनाम धाम से निकाली गई विशाल शोभायात्रा में सतनामी समाज के हजारों लोगों ने पैदल मार्च करते हुए जिला मुख्यालय के प्रमुख मार्गों भ्रमण किया। सोमवार को सतनामी समाज के द्वारा मनखे-मनखे एक समान के संदेशवाहक सतनाम पंथ के प्रवर्तक पूज्य गुरु घासीदास बाबा की जयंती में विशाल शोभायात्रा निकालने के पूर्व बालक दास स्मृति स्थल सतनाम धाम ग्राम बहुनवागांव कवर्धा रोड स्थित धर्म स्थल में समाज के लोग एकत्रित हुए और वहां से जैतखाम की पूजा-अर्चना कर झंडा फहराया। इसके बाद हजारों युवाओं की टोली बुजुर्गों के साथ हर्षोल्लास के रूप में लगभग 5 किलोमीटर भ्रमण किया। इस दौरान युवाओं की टोली पंथी नृत्य करते रहे और अखाड़े का प्रदर्शन किया।

#### मरीजों को किया फल वितरण

सतनाम समाज के युवाओं ने गुरुघासी दास बाबा की जयंती पर स्थानीय जिला चिकित्सालय में जाकर मरीजों के बीच फलों का वितरण कर उनके स्वास्थ लाभ की कामना की। साथ ही युवा संगठन ने पुराना बस स्टैंड में आम नागरिकों व विशाल शोभायात्रा में शामिल समाज एवं अनुयाइयों को मिठाइयां तथा फल खिला कर एक-दूसरे को जयंती की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

#### पंथी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

बहु नवागांव स्थित धर्मस्थल में गुरु घासीदास बाबा की जयंती के दौरान एकत्रित समाज के लोगों ने देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रूप में सतनाम भजन के अलावा पंथी नृत्य का आनंद लिया। इस दौरान राजालाल बंजारे, कुन्जराम गेन्डरे, विजय खांडे, पुष्पा अनंत, ननकी पात्रे, प्रेमदास डोरे, देवीचंद्र डेहरे लखन टोड्रे, भुवन जांगड़े, कोमल मानदेव, राम कुमार भारती, मैंना देवी मान्डले, हिरेश टन्डन, किशोर कुमार मानदेय, पूजा डेहरे, मंजू ऑडिले, संतोषी टंडन गोफेलालबंधे,,चंद्रिका घृदौड़े, तुकाराम खांडे, राम प्रसाद बघेल, राजकुमार सोनवानी, संतोष चतुर्वेदी, सुरेंद्र गायकवाड, कमलेश ढिन्ढे चिंताताराम बघेल, सुखीराम रात्रे, ओम प्रकाश मृचन्डे ,छत्रपाल मानदेव टोपलाल गेंदले, सुशील अनंत, तातु मानदेव जसवंत पात्रे मन्गे पंडित, सत्यनारायण सेवैया, ठाकुर राम जांगड़े, राजेश मारकंडे, रामजी कोसले, इंदल मनारे, अमित टंडन, सुरेश कुमार नवरंगे, ताराचंद बंजारे, ज्ञानी पात्रें, शिव कोसरे, चुम्मन मारकंडे, मोहित भार्गव, दिलीप बंजारे और जिले से समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



## बाबा ने दुनिया को दिया मानवता का संदेश : आशीष

**बेमेतरा।** ग्राम बहुनवागांव में गुरु बालक दास स्मृति स्थल सतनाम धाम एवं नगर के वार्ड 07 में आयोजित गुरु घासीदास बाबा की जयंती समारोह में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा अतिथि के रूप में हुए शामिल। इस दौरान उन्होंने गुरू गद्दी एवं जैतखाम में पूजा-अर्चना बाबा गुरू घासीदास की जयकारा लगाते हुए क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की।

■ गुरु गद्दी व जैतखाम की हुई पूजा-अर्चना

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री छाबड़ा ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास जी ने 'मनखे-मनखे एक समान' के अपने प्रेरक संदेश के जरिए लोगों में स्वाभिमान जगाया। गुरू बाबा घासीदास ने देश और दुनिया को मानवता का संदेश दिया, बाबा गुरू घासीदास ने तत्कालीन समय में सहज-सरल छत्तीसगढ़ी भाषा में पंथी गीतों के जरिए अपने विचारों को जन-जन तक पहुंचाया।

बाबा के उपदेशों में समतामूलक समाज निर्माण की परिकल्पना की गई है, जिसे साकार करने के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। बाबा गुरूघासीदास जी ने कुरीतियों को दूर किया तथा सत्य से लोगों का साक्षात्कार कराया। शांति का संदेश देकर समाज में जात-पात का भेदभाव मिटाया। उन्होंने सत्य का अलख जगाने लगातार यात्राएं की। लोगों को नशामुक्ति का पाठ पढ़ाया। बाबा गुरू घासीदास जी ने सत्य का प्रतीक जैतखाम को बताया और सतनाम पंथ का श्वेत ध्वज शांति का प्रतीक। बाबा गुरूघासीदास जी ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया, उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है, दया करूणा, सत्य मार्ग पर चलने, नारी सम्मान एवं पशुओं से प्रेम करने कहा सतनाम के रास्ते पर चलने से जीवन में कामयाबी मिलती है।

उक्त अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, टीआर जनार्दन, लुकेश वर्मा अध्यक्ष, सुमन गोस्वामी, शशिप्रभा गायकवाड़, ललीत विश्वकर्मा, मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा, राजालाल बंजारे अध्यक्ष जिला प्रगतीशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, देवीचंद डेहरे, मनोज शर्मा सभापति, रश्मी मिश्रा सभापति, आशीष ठाकुर सभापति,जनता साहू एल्डरमैन, चंदू शीतलानी एल्डरमैन, प्रशांत तिवारी एल्डरमैन, अजय सेन, विक्की मिश्रा, सौरभ राघव, कोमल मानदेव, चंद्रिका घृतलहरे, राजकुमार बंजारे, रामजी कोशले, संदीप खरे, राजेश नौवरंगे रामप्रकास बघेल, तुकाराम खांडे, रामनारायण, मैनादेवी मांडले,सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारीगण, सदस्यगण उपस्थित रहे।

## बाबा का संदेश आज के संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक : योगेश



**बेमेतरा।** परम पूज्य गुरु बाबा घासीदास के 267वीं जयंती के अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहभट्ठा, करही, चेटवा, बेरला, लाटा खुडमुड़ा में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर गांव में शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के लोग बढ़-चढ़कर शामिल हुए। वहीं जगह-जगह समाज के लोगों की ओर से स्वल्पाहार का वितरण किया गया। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि गुरु के संदेश आज के संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक है। बाबा ने उस समय के समाज में प्रचलित ऊंच-नीच, भेद-भाव, छूआछूत का प्रबल विरोध किया। मनखे-मनखे एक समान का उपदेश दिया । बाबा की यही भावना को बाबा साहेब अम्बेडकर ने हमारे संविधान की प्रस्तावना में भी शामिल किया है। आपसी मतभेद से नहीं बल्कि सामाजिक समरसता से ही समाज एवं देश का विकास होता है।

#### समाज के लोग व प्रतिनिधि हुए शामिल

कार्यक्रम में रवि गड़पाले, सौरभ मिश्रा, नीलकंठ पटेल, पीयूष शर्मा मनोज सिन्हा, नरेश बलराम बंजारे, यशवंत, वाई के डिडोरे, सेवा निवृत उपसंचालक जिला मत्स्य विभाग, होरीलाल सिन्हा, सजनी यादव, विजय डेहरे, आगर दास डेहरे, मूलचंद बंजारे, खेमसीह बारले, खिलावन जांगड़े, शांति लाल बांधे, भारद्वाज जी, डॉक्टर विजय कुर्रे, डॉक्टर सोहित कुमार रात्रे, पीआर पाटले, देवदास सोनवानी, जयप्रकाश सोनवानी, सनत सोनवानी बाबूलाल मारकंडे, भारती दया सोनवानी, धनी मारकंडे, राजेन्द्र बंजारे, टापू सोनवानी, बद्री मारकंडे, राजू सोनवानी आदि उपस्थित थे।



## जयंती कार्यक्रम में रविन्द्र चौबे हुए शामिल

**देवकर।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत खुरूसबोर्ड में सन्त शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास जी के जयन्ती अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर सरपंच दौलत सिंह राजपूत के साथ सतनाम उपासकों एवं ग्रामजनों द्वारा पूर्व मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं गमछा, फल भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष- संतोष वर्मा, जनपद सदस्य कामता गायकवाड़, पूर्व विधायक प्रतिनिधि- विनोद कुंजाम, ग्राम पंचायत राखी के सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश चौबे, युवा नेता गगन जैन, रौनक पांडे, विनय देवांगन, सहसपुर सरपंच प्रतिनिध उपेंद्र हंस, रोशन अग्रवाल, सतीश ढीमर आदि शामिल थे।

### ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों की दी जा रही जानकारी

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव-गांव में हो रहा स्वागत

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

सोमवार को बेमेतरा के ग्राम पंचायत खिलोरा और बैजलपुर तथा साजा ब्लॉक के खुरसबोड और कारेसरा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों तथा मौजूद जनसमूह को विकसित भारत की शपथ दिलाई। सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए गांव स्तर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

■ पात्र हितग्राहियों को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ

सरकार द्वारा जन कल्याण हेतु अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। आईईसी (सूचनाए शिक्षा और संचार) वैन पहुंचने पर महिलाओं ने फूलों की पंखुड़ी से स्वागत किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।



आईईसी (सूचनाए शिक्षा और संचार) वैन भारत सरकार की योजनाओं और प्रधानमंत्री का संदेश भी सुना रही है। लोगों के आधार कार्ड भी बनाये गये। खिलौरा के सरपंच भुवनेश्वर साहू ने दस हितग्राहियों को बी-1 का वितरण किया वही यशवंत को ऋण पुस्तिका सौपी गयी। इसके अलावा दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि देशभर में हर घर शौचालय निर्माण, उज्ज्वला गैस कनेक्शन आदि दिए गए और हर घर नल-जल का सपना भी साकार हो रहा है। बिना भेदभाव जाति, धर्म, से ऊपर उठकर जरूरतमंद लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। स्वसहायता समूह की महिलाओं सहित लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा लाभ की जानकारी दी जा रही है। विकसित यात्रा के दौरान अधिकांश ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण और बाल विकास विभाग द्वारा पांच महिलाओं को किट वितरित की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यक्तियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और दवाई दी गयी। लगाये गये शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी ।पात्र हितग्राहियों का सरकारी योजना से लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी ने भारत सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, फसल बीमा, हेल्थ कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड के फ़ायदे बताये।अधिकारियों द्वारा भारत सरकार की योजनाओं का लाभ लेने कहा। इसके लिए संबंधित विभाग में आवेदन देने कहा।

## खराब बारदानों ने बढ़ाई किसानों और समितियों की परेशानी

**गुरूर।** धान खरीदी में सरकार द्वारा भेजा गया और मिलरों द्वारा दिया जा रहा बारदाना, दोनों ही समितियों के लिए परेशानी एवं खर्च बढ़ाने वाला साबित हो रहा है। सरकार द्वारा भेजे जा रहे बारदानों में से कई बारदाने अंदर से फटे हुए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे बारदाने में एसिड गिर गया है, क्योंकि कई बारदाने बीच बीच में पूरी तरह गल गए हैं। वहीं, कई बारदानों की सिलाई खुल गई है। इसके अलावा कई बारदानों की सिलाई इतनी कमजोर है कि धान भरने से पहले ही वह खुल जा रही है। नया बारदाना होने के कारण समिति कर्मचारी बारदाने का गठान खोलकर सीधे किसानों को दे देते हैं। फटा होने के कारण किसानों को फटा बारदाना वापस करना पड़ता है, जिससे किसानों के साथ-साथ समिति का भी समय खराब होता है। वहीं, फटे बारदानों का रफु करने व सिलाने के लिए समिति को अतिरिक्त कर्मचारी लगाना पड़ रहा है, जिससे समिति का खर्च बढ़ रहा है।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### गश्त पर राजधानी पुलिस चलाया जांच अभियान

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने वीकेंड चेकिंग अभियान रविवार रात में चलाया। सभी थाना प्रभारियों सहित पुलिस बलों द्वारा अपने-अपने अनुभाग के थाना क्षेत्रों में विजिबल पुलिसिंग के अंतर्गत पैदल पेट्रोलिंग, वाहनों में पेट्रोलिंग, क्राइम प्रिवेंशन पेट्रोलिंग सहित डॉयल 112 की टीमों द्वारा भीड़भाड़ वाले स्थान, सार्वजनिक स्थान/सुनसान स्थान में जमावड़ा लगाकर अड्डेबाजी करने वालों की धरपकड़ की।

### राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता रायपुर में, तैयारियां जोरों पर



**रायपुर।** 40 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता रायपुर की तैयारी के संबंध में बैठक रविवार को रखी गई। बैठक के उपरांत मैदान में जाकर नाप लिया गया। वहीं आवास व्यवस्था का जायजा लिया गया और टेक्निकल टीम के साथ गहनता से चर्चा की गई। आगामी राष्ट्रीय टूर्नामेंट में तकनीकी त्रुटि न हो इस विषय पर बात की गई। छत्तीसगढ़ के ऑफिशल टेक्निकल टीम, स्कोर, आफिशियल के लिए किट की भी जांच की गई ,आई कार्ड ,स्कोर के लिए सभी बातों पर चर्चा हुई। इस बैठक में कोच सतीश,अशोक दुबे, रविंद्र बागी, कोच एवन साहू ,कोच हीरो साहू, धर्मेंद्र गोफने और अमित यादव उपस्थित थे।

### रामचरित मानस सब ग्रंथों का रस

**रायपुर।** मानस कथा मर्मज्ञ रामकिंकर महाराज के शिष्य स्वामी मैथिलीशरण महराज ने कहा, रामचरित मानस सब ग्रंथों का रस है, इसमें न बीज है, न गुदा और न छिलका है। इस रस को पीने मात्र से मनुष्य का जीवन सार्थक हो जाता है। भरतजी का चरित्र रामराज्य की पृष्ठभूमि है। भरत के बिना भगवान राम के आदर्शों की हम कल्पना ही नहीं कर सकते। जबकि सेवा का स्वरूप लक्ष्मणजी हैं। भगवान राम के शील स्वभाव व प्रभाव की विशेषता ये है कि उनके पास सब प्रकार के लोग थे। इस बार की रामकथा में भरत चरित्र को वे प्रमुखता से मानस प्रेमियों के समक्ष रखने वाले हैं। स्वामी मैथिलीशरण महराज ने रविवार को पत्रकारों से चर्चा में ये बातें कही। रामकिंकर विचार मिशन द्वारा मैक कॉलेज ऑडिटोरियम में रामकथा प्रवचन के सिलसिले में राजधानी पहुंचे संत मैथिलीशरण महराज ने कहा, बच्चे बड़ों का ही अनुसरण करते हैं, आज यदि बच्चे धर्म से, भगवान से दूर हो रहे हैं तो उसका एकमेव कारण स्वयं बच्चों के पालक हैं। बच्चे जो देखते हैं, वही सीखते हैं, जो करते हैं, उसे आत्मसात करते हैं। केवल बताने मात्र से बच्चे सब कुछ सीख जाएं, ऐसा नहीं होता। पालकों को स्वयं वैसा करते हुए बच्चों को शिक्षित करना होगा, तभी उन्हें हम भगवान और धर्म संस्कृति से जोड़ पाएंगे। महाराज जी ने कहा कि हम सब सनातनी हैं, जो बिना सनातन को जाने उसकी व्याख्या करता है, वह सही अर्थों को नहीं समझता। पृथ्वी, जल, आकाश, प्रकाश, वायु ये पांच तत्व ही सनातन धर्म हैं, जिसका उपयोग हर व्यक्ति करता है।

### शंकरनगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

**रायपुर।** राजधानी में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान की जानकारी देने शंकरनगर वार्ड में शिविर लगाया गया। शिविर में महात्मा गांधी वार्ड और शंकरनगर वार्ड के रहवासियों ने केंद्र सरकार के आधारकार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम स्वनिधि योजना के लिए आवेदन जमा कराए। साथ ही बीपी, शुगर की जांच स्टाल पर लगाए गए स्वास्थ्य जांच केंद्र में कराई। केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ वंचितों तक पहुंचाने दिल्ली से आई वैन इन दिनों शहर के अलग-अलग वार्डों में पहुंचकर वहां के रहवासियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दे रही है।

# महंत बोले- मुख्यमंत्री, अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष शांत स्वभाव के, ज्यादा लड़ाई नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने केंद्रीय नेतृत्व का आभार आभार जताते हुए कहा, सदन वही है, लेकिन जगह बदल गई है।

- पहली बैठक में धान खरीदी और महतारी वंदन का भी जिक्र नहीं

मुख्यमंत्री, अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष शांत स्वभाव के हैं, इसलिए ज्यादा लड़ाई नहीं होगी। कांग्रेस सरकार ने 5 साल में किसानों को प्राथमिकता में रखा, उनके लिए कई योजनाएं बनाईं। उन्हें लाभ भी दिया गया। नई सरकार बनते ही किसान आत्महत्या कर रहे हैं। कर्ज की वजह से किसान ने आत्महत्या की है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने संवाददाताओं से चर्चा में अपनी प्राथमिकताएं और किस तरह से अपना काम करेंगे, इस पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि हमने 1 लाख करोड़ से अधिक की कर्जमाफी का भरोसा दिया था, लेकिन जनता ने हमारे घोषणापत्र के अनुकूल वोट नहीं दिए। नई सरकार में नक्सली हमले भी लगातार बढ़ रहे। भाजपा ने अपने घोषणापत्र में गारंटी दी थी कि पहली बैठक में 21 क्विंटल धान 31 सौ में खरीदेंगे। वहीं महतारी वंदन का भी जिक्र नहीं आया।

## भाजपा ने घोषणापत्र में गारंटी दी थी, 21 क्विंटल धान 31 सौ में खरीदेंगे

### युवाओं, महिलाओं और किसानों के मामले उठाएंगे

डॉ. महंत ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, सरकार ने 18 लाख पीएम आवास पर फैसला लिया। 25 तारीख को किसानों को पिछला बकाया बोनस देने की बात कही, लेकिन अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। भाजपा सरकार मंत्रिमंडल का अब तक गठन नहीं कर पाई। हम विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। युवाओं, महिलाओं और किसानों की बात निष्पक्ष होकर उठाएंगे।



### सड़क से सदन तक हम आम जनता के साथ

उन्होंने कहा, मुझे नेता प्रतिपक्ष के रूप में काम करने का मौका दिया गया है। हम सब मिलकर काम करेंगे। आम जनता की लड़ाई सदन में लेकर आएंगे। सड़क से सदन तक हम किसानों और आम आदमी के साथ हैं। जब तक सदन की कार्यवाही चलेगी, तब तक आपको कभी नहीं यह लगेगा कि विपक्ष कमजोर है। पूरी निष्ठा के साथ जनता के मुद्दों को लेकर आएंगे।

## रमन ने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**रायपुर।** विधानसभा में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन सौंपने के उपरांत छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से त्यागपत्र दिया है। डॉ रमन ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भेजे इस त्यागपत्र में लिखा है कि वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद का निर्वहन कर रहा हूं किंतु भाजपा द्वारा मुझे छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष पद हेतु नामित किया गया है। अतः राष्ट्रीय उपाध्यक्ष से मेरा त्यागपत्र सादर प्रस्तुत है, कृपया मेरा त्यागपत्र स्वीकार किया जाए।

## फाइल में दम तोड़ रही क्लीन एंड ग्रीन सिटी की योजना

# ऐसे में कैसे बचेगी हरियाली, नगर निगम के 176 बगीचों में माली एक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

14 लाख आबादी वाले शहर को हरा-भरा बनाने और नागरिकों के शुद्ध आबोहवा देने के मकसद से नगर निगम ने 176 बगीचे स्थापित किए, पर बगीचों की देखभाल करने न तो माली है, न ही सिंचाई, खाद देने वाले कर्मचारी। हालत ये है कि पूरे शहरभर के बगीचों, डिवाइडर पर लगे पौधों की देखभाल करने ठेके पर मात्र 85 मजदूर रखकर खानापूर्ति की जा रही है। ये मजदूर नगर निगम मुख्यालय से लेकर 10 जोन में फैले बगीचों के हिसाब से बेहद कम है। नतीजतन बगीचे सूख रहे हैं, देखरेख के अभाव में पौधों की सिंचाई, कटाई-छंटाई से लेकर नए पौधे लगाने का काम ठप पड़ा है।

नगर निगम सीमा क्षेत्र में विकसित 176 छोटे-बड़े बगीचों की मॉनिटरिंग के लिए निगम मुख्यालय में पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग बस नाम का रह गया है। न विभाग के एमआईसी सदस्य को इस बात की चिंता है कि दस जोन के बगीचों के देखभाल के लिए समुचित इंतजाम हो रहे हैं या नहीं और न ही विभागीय स्तर पर इस दिशा में कोई प्रयास किया जा रहा है। बगीचों की उपेक्षा से कई पार्षद नाखुश हैं, जिन्होंने निगम आयुक्त से पूर्व में शिकायत भी की थी।



### शंकर नगर वार्ड 12 गार्डन, नियमित माली एक भी नहीं

शंकर नगर वार्ड में 12 बगीचों की देखभाल के लिए एक भी नियमित माली नहीं है। पार्षद सुमन-रामप्रजापति का कहना है, नगर निगम प्रशासन को दर्जनभर बगीचे में माली उपलब्ध कराने पूर्व में ध्यान आकर्षित कराया। इसके बाद भी पूर्णकालिक माली की व्यवस्था नहीं कर पाए। जबकि इन बगीचों में मॉर्निंग व इवनिंग वॉक करने बड़ी संख्या में बुजुर्ग, युवा और महिलाएं रोज पहुंचते हैं।

### हॉर्टिकल्चर एक्सपर्ट 17 साल पहले रिटायर

नगर निगम के पर्यावरण व उद्यानिकी विभाग में पिछले 17 साल से उद्यानिकी विशेषज्ञ नहीं है। जानकारों का कहना है, साल 2006 में उद्यानिकी विशेषज्ञ के सेवानिवृत्त होने के बाद से यह पद रिक्त है। इसी तरह उद्यान निरीक्षण करने वाले उद्यान निरीक्षण के रिटायर होने के बाद से बगीचों की देखभाल प्रभारी भरोसे चल रही है। शर्मनाक बात ये है, शहर के बगीचों को संवारने एक माली तक नगर निगम के पास इस समय नहीं है। वैकल्पिक व्यवस्था के नाम पर ठेके में मजदूर रखकर बगीचों के देखभाल की खानापूर्ति की जा रही है।

### मोतीबाग की नर्सरी चौपट, 3 करोड़ सौंदर्यीकरण पर खर्च

शहर की सबसे पुराने मोतीबाग गार्डन नगर निगम की उपेक्षा का शिकार है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने दो साल पहले 3 करोड़ खर्च कर मोतीबाग का सौंदर्यीकरण कराया। बच्चों के लिए साइकिल ट्रेक, भुल भुलैया, नई फिसलपट्टी और झूले सहित नए लाइट और रंगरोगन का काम कराया, पर मोतीबाग स्थित नगर निगम की पुरानी नर्सरी ध्यान नहीं देने की वजह से चौपट हो गई। पहले निगम मुख्यालय से पर्यावरण व उद्यानिकी विभाग के अधिकारी की देखरेख में यहां हर साल नए-नए फूल पौधे तैयार किए जाते। नर्सरी में गुलाब, सेवंती, गेंदा सहित विभिन्न प्रजाति के पौधे तैयार कर आम जनता को किफायती दर पर उपलब्ध कराए जाते। अब उस जगह को उजाड़ बना दिया गया है। सन्नाटे में पसरा मोतीबाग में सांझ ढलने के बाद लोग अंदर जाने से कतराते हैं। असामाजिक तत्वों का डेरा रहने और प्रकाश की समुचित व्यस्था नहीं होने से इसकी सुंदरता पर ग्रहण लग गया है। हैरानी की बात ये है, निगम प्रशासन से लेकर निर्वाचित जनप्रतिनिधि नगर निगम के शहर में इकलौते नर्सरी को बचा नहीं पाए।

### मजदूरों की संख्या बढ़ाने दिया था प्रस्ताव

शहरभर के गार्डन की संख्या को देखते हुए 85 मजदूर बहुत कम हैं। हमने 4 साल पहले ही बगीचों की देखभाल करने 240 मजदूर रखने प्रस्ताव भेजा था। शासन स्तर पर इसकी स्वीकृति लंबित है। बगीचों की देखरेख के लिए स्थानीय लोगों की टीम बनाकर काम करने की जरूरत है।

*- सुरेश चन्नावार, अध्यक्ष पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग, ननि रायपुर*

## मंडाविया से मिले साय, साव, शर्मा, नेताम ...



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रोटेम स्पीकर रामविचार नेताम, उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा भी उपस्थित रहे।

# स्टाफ भर्ती समेत लंबित योजनाओं पर काम शुरू करने नए सिस्टम का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकारी अस्पतालों में कर्मचारियों की कमी दूर करने सहित विभिन्न योजनाओं पर अटका काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है। इन योजनाओं के भविष्य को लेकर अधिकारी पशोपेश में हैं। मंत्रिमंडल गठन के बाद नए सिस्टम के तहत इन कार्यों को पूरा किया जाएगा अथवा इसे बंद कर दिया जाएगा, यह स्पष्ट नहीं है फैसले के इंतजार में अधिकारी भी चुप्पी साधे हुए बैठे हैं। रायपुर मेडिकल कॉलेज समेत समस्त चिकित्सा महाविद्यालयों को डॉक्टर्स सहित अन्य स्टाफ की कमी दूर करने कई पदों पर भर्ती की जानी है। भृत्य से लेकर विभिन्न घटकों की भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षा का प्रस्ताव तैयार किया गया था। इसे शासन को स्वीकृति के लिए भेजा गया था, मगर मामला लंबित पड़ा है। साथ ही कुछ चिकित्सा महाविद्यालयों में अधोसंरचना विकास निर्धारित मापदंड के हिसाब से पूरा किया जाना है। उपचार की सुविधा बढ़ाने के लिए कुछ स्थानों पर उपकरण खरीदी तथा निर्माण कार्य पूरे किए जाने हैं। राज्य में चुनावी गतिविधि शुरू होने के बाद इस तरह के कार्यों पर एक तरह से रोक लगा दी गई थी।

### मेकाहारा में सात मंजिला भवन

आंबेडकर अस्पताल में मरीजों को राहत देने पिछले शासन के दौरान सात मंजिला नए भवन के निर्माण की योजना को हरी झंडी दी गई थी। 325 करोड़ की इस योजना के तहत निर्माण के लिए शिलान्यास किया जा चुका है। भवन तैयार करने एजेंसी तय करने की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी गई है।

**व्यापम के माध्यम से होनी थी भर्ती :** चिकित्सा महाविद्यालयों में नर्सिंग स्टाफ के अलावा भृत्य, माली, चौकीदार सहित विभिन्न संवर्ग के कर्मचारियों की भर्ती के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्रवेश परीक्षा लेने की योजना बनाई गई थी। इसके तहत स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, जो अब तक लंबित पड़ा है।

# एपीएल में अग्रजनों ने लगाए चौके-छक्के

**रायपुर।** अग्रवाल प्रीमियर लीग का सीजन-2 रोमांच से भरपूर रहा। समूचे छत्तीसगढ़ की 16 टीमो के बीच में हुए इस टूर्नामेंट को अग्रवाल यूथ क्लब भिलाई द्वारा हर वर्ष आयोजित करवाया जाता है। अग्रवाल यूथ क्लब भिलाई अग्रवाल समाज के वैवाहिक जोड़ों की एक समिति है जो आपसी परिचय और अग्रवाल समाज के उत्थान के लिए कार्यरत है। अग्रवाल यूथ क्लब अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने बताया कि इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे लगभग 200 खिलाड़ी सभी अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित व्यापारी है जो समाज में प्रेम और सद्भावना का भाव विकसित करने के लिए साथ मिलकर खेलते है। इतना ही नहीं अग्रवाल समाज के बच्चों और महिलाओं के खेल कूद के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए उनका भी मैत्री मैच स्टेडियम में कराया गया। इतना भव्य कार्यक्रम बहुत व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए खिलाडियों एवं दर्शकों ने खुले मन से अग्रवाल यूथ क्लब की तारीफ की। चार दिवसीय टूर्नामेंट में अग्रवाल समाज के सभी वरिष्ठ समाजसेवी, उद्योगपतियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी और क्लब के कार्यकाल की भूरी प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज अग्रवाल नीरोज इस्पात से निमंत्रित थे, जो इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक भी है। फाइनल मैच को देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक पहुचे और वहां मैच के रोमांच, आतिशबाजी और स्वादिष्ट व्यंजनों का भरपूर लुत्फ उठाया। सेक्रेटरी श्रीकांत ने आयोजन से जुड़े सभी भाईयों को आभार प्रकट किया ।



और खास रूप से आयोजन समिति में योगेश, आशीष, अंकित एवं दीपक को विशेष योगदान के लिए साधुवाद प्रकट किया। फाइनल में विजयी टीम को 51000 रूपए की राशि और उपविजेता को 31000 रूपए की राशि इनाम के रूप में भेट की गई। टूर्नामेंट के सबसे उत्तम खिलाड़ी को स्पोर्ट्स साइकिल प्रदान की गई। सेमीफाइनल और फाइनल मैच यू ट्यूब पर लाइव दिखाया गया।

# अनियमित कर्मचारी मोर्चा की बैठक सीएम से मुलाकात करने का निर्णय



कलेक्टोरेट गार्डन में बैठक ,विभिन्न अनियमित कर्मचारी संगठन के प्रतिनिधि हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ अनियमित कर्मचारी मोर्चा द्वारा प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण, पृथक कर्मचारियों की सेवा बहाली, अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक करने सहित अन्य मुद्दों पर बैठक में विचार-विमर्श के बाद रणनीति बनाई गई। इस दौरान यह तय हुआ कि मुख्यमंत्री का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित कर मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल उनसे लंबित मांगों को लेकर मुलाकात करेगा। प्रदेशभर के अनियमित कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों की बैठक राजधानी के कलेक्टोरेट गार्डन में रविवार को हुई। प्रांतीय संयोजक गोपाल प्रसाद साहू ने बताया, बैठक में अनियमित कर्मचारियों की लंबित मांगों को समग्र रूप से शासन के समक्ष रखने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में सभी से चर्चा कर आने वाले दिनों में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित करने से पहले मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलने का निर्णय लिया गया।

# कुष्ठ रोग उन्मूलन करने जिले में हो रही व्यापक तैयारी

**सेलूद।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे पी मेश्राम एवं जिला कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डॉ अनिल कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में विकासखंड पाटन के सभी सेक्टर चिकित्सा अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, ग्रामीण चिकित्सा सहायकों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, विकासखंड मितानिन समन्वयकों, मितानिन प्रशिक्षकों, चिरायु दल के आयुष चिकित्सा अधिकारियों को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बीएमओ पाटन डॉ आशीष शर्मा, सी एल मैत्री, एस बी बंजारे, बीईटीओ बी एल वर्मा, चंद्रकांता साहू ने प्रशिक्षण प्रदान किया।



## महिला खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट कर दिया अपना परिचय

# क्रिकेट स्पर्धा में महिला खिलाड़ियों ने दिखाई खेल प्रतिभा

**रायपुर।** प्रियदर्शनी नगर स्थित संत ज्ञानेश्वर स्कूल में शुरू हुए नगर स्तरीय महिला क्रिकेट स्पर्धा में रनों की बारिश से ठंड लगभग गायब हो गई है। पहले दिन के मैचों में सेवन स्टार ने क्रीड़ा भारती को, आंध्रा मास ने अधिवक्ता रेड शक्ति टीम को और चित्रांश ग्रुप ने शंकर नगर वुमन पावर टीम को रोमांचक मैचों में हराया। अधिवक्ता ब्लू शक्ति टीम की अनुपस्थिति के कारण मधु फाउंडेशन बाई का लाभ लेकर अगले दौर में पहुंच गई है।

पर्यटन मंडल के पूर्व अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता ने इस स्पर्धा का विधिवत उद्घाटन किया। महिला खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट कर अपना परिचय दिया। इसके साथ ही महिला क्रिकेट टीमों में एक-दूसरे को हराने की होड़ शुरू हो गई। अपने-अपने संबोधनों में मुख्य अतिथि केदारनाथ गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अजय काले, सचिव चेतन दंडवते और क्रीड़ा समिति



की प्रभारी गीता दलाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना से खेलने का आग्रह किया।

स्पर्धा का पहला मैच क्रीड़ा भारतीय और सेवन स्टार टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रीड़ा भारती ने अल्पना की ओर से बनाए 23 रन की मदद से 44 रन का लक्ष्य दिया। इसमें अतिरिक्त रनों का योगदान 15 का था। सेवन स्टार ने यह मैच नीता डुमरे के बने 11 रनों की बदौलत दो विकेट से जीत लिया। इस मैच का निर्णय मैच की अंतिम गेंद पर हुआ। अगला मैच अधिवक्ता रेड शक्ति टीम और आंध्र मास के बीच खेला गया। अधिवक्ता रेड शक्ति टीम ने वाइड और नो बॉल के बड़े योगदान की बदौलत आंध्र मास को 35 रन का लक्ष्य दिया। अधिवक्ता रेड शक्ति की अच्छी गेंदबाजी की वजह से आंध्रा मास ने यह मैच अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर जीता। तीसरे मैच में अधिवक्ता ब्लू स्टार शक्ति टीम मौके पर उपस्थित नहीं होने के कारण मधु फाउंडेशन को मैच में विजय घोषित किया गया। महाराष्ट्र मंडल के महिला क्रिकेट स्पर्धा के पहले दिन का अंतिम मैच लगभग 10 बजे चित्रांश ग्रुप और शंकर नगर वुमन पावर के बीच खेला गया। चित्रांश ग्रुप की शिक्षा ने तीन छक्के और दो चौकों की मदद से 35 रनों की शानदार पारी खेली और अपनी टीम के स्कोर को 99 रनों पर पहुंचाया। इसके विपरीत शंकर नगर वुमन पावर महज 21 रन बनाकर आउट हो गई। इस तरह प्रतियोगिता की सबसे बड़ी 78 रनों की जीत चित्रांश ग्रुप ने अपने नाम पर दर्ज की।

# प्रकृति व संस्कृति के महत्व को समझे बिना भारत सुखी नहीं हो सकता : स्वामी राम मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- गोंडवाना भवन दुर्ग में प्रकृति संस्कृति सम्मेलन का हुआ आयोजन

प्रकृति संस्कृति परिषद के तत्वावधान में गोंडवाना भवन सिविल लाइंस दुर्ग में प्रकृति संस्कृति सम्मेलन का एकदिवसीय आयोजन किया गया। आयोजन में अयोध्या से आए हुए प्रकृति संस्कृति परिषद के संरक्षक स्वामी राम मोहनदास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। भाटापारा के पूर्व विधायक नरेंद्र कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और शशि भूषण मोहंती अतिथि वक्ता के रूप में मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में नारायण स्वरूपा देवी भगवती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि और समस्त अन्य अतिथियों का स्वागत ओमकार ताम्रकार, दीपक चनपुरिया, संतोष विश्वकर्मा, प्रभु नाथ मिश्रा, डॉक्टर चंद्राकर, डॉक्टर एसके अग्रवाल, हिंदू युवा मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता सतीश कुमार त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि स्वामी राम मोहनदास का परिचय दिया। वहीं नरेंद्र शर्मा एवं शशि भूषण मोहंती का भी संक्षिप्त परिचय दिया गया। कार्यक्रम के आरंभ में श्री नरेंद्र शर्मा ने प्रकृति संस्कृति परिषद के गठन और उसके उद्देश्यों को बताते हुए ऋषि और कृषि संस्कृति आधारित भारत का चित्रण किया। शशि भूषण मोहंती जी ने अपने वक्तव्य में भारतीय आदर्श और नैतिक मूल्यों को महत्वपूर्ण बताते हुए अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया।

# 9 करोड़ के फुट ओवरब्रिज पर सीसीटीवी कैमरा तक नहीं, जांच व्यवस्था ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

मॉडल स्टेशन के नक्शे से गायब हो चुका 9 करोड़ का फुट ओवरब्रिज को रेलवे ने यात्रियों की आवाजाही के लिए शुरू कर दिया है, जिसके बाद रेलवे स्टेशन में प्रवेश करने और बाहर निकलने के लिए यात्रियों की भीड़ आधी हो चुकी है।

टेशन से सीधे 7 नंबर प्लेटफार्म तक जाने के लिए अब यात्रियों को मुख्य द्वार से प्रवेश की जरूरत नहीं है। फुटओवर ब्रिज से सीधे गुढ़ियारी की ओर 7 नंबर प्लेटफार्म तक जा सकते हैं। बता दें कि सालभर पहले ही फुट ओवरब्रिज बनकर तैयार हो चुका था, मगर सूत्रों के मुताबिक मॉडल स्टेशन निर्माण के लिए ब्रिज को तोड़ने की तैयारी थी। अब अधिकारियों का कहना है कि यह ब्रिज नहीं तोड़ा जाएगा। स्टेशन पर रोजाना 80 हजार से अधिक यात्रियों की आवाजाही होती है।

स्टेशन के पुराने ब्रिज की लंबाई और चौड़ाई कम है। इस वजह से ब्रिज पर यात्रियों की भीड़ के साथ दबाव भी अधिक होता था। नए फुट ओवरब्रिज से यह समस्या भी दूर हो चुकी है। यह ब्रिज 96 मीटर लंबा और 6.3 मीटर चौड़ा है।

- 96 मीटर लंबा और 6.3 मीटर चौड़ा फुट ओवरब्रिज शुरू होने के बाद स्टेशन में बढ़ी सुविधा



### ब्रिज के इंट्रेंस में एक टीटीई तक नहीं

नया फुट ओवरब्रिज शुरू होने से यात्रियों के लिए आवागमन तो आरामदायक हो गया, लेकिन इससे बगैर टिकट वाले यात्री भी बड़ी आसानी स्टेशन के बाहर निकल सकते हैं। रविवार को भी ब्रिज के बाहर टीटीई यात्रियों के टिकट जांच करते नजर नहीं आए। टीटीई स्टॉफ केवल मुख्य द्वार और वीआईपी गेट पर ही जमे रहे। ऐसे में अब रेलवे को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई करने नए ब्रिज के बाहर भी टीटीई तैनात करने होंगे।

### चोर-पॉकिटमार के लिए भागना आसान

फुट ओवरब्रिज बनाने 9.03 करोड़ खर्च करने के बाद भी इस ब्रिज पर रेलवे ने सुरक्षा दृष्टि से अभी तक सीसीटीवी कैमरे नहीं लगवाए हैं। ऐसे में चोर, उठाईगिर, पॉकिटमार बड़ी आसानी से इस ब्रिज के जरिए प्रवेश कर सकते हैं और घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो सकते हैं। स्टेशन के दो अन्य फुट ओवरब्रिज पर 4 से 5 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। नए ब्रिज से प्लेटफार्म नंबर 1 से प्लेटफार्म नंबर 2-3, 5-6 तथा 7 नंबर प्लेटफार्म तक सुरक्षित एवं आरामदायक आवागमन की सुविधा मिल रही है।

## खबर संक्षेप



### महिला मंच सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी का चयन

**रायपुर**। विप्रनगर स्थित छत्तीसगढ़ सदन कैलाशपुरी में शनिवार को सर्व ब्राह्मण समाज के महिला मंच की संगठनात्मक बैठक हुई। भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना कर बैठक में सर्वप्रथम स्वागत भाषण मंच की शहर सचिव कविता शर्मा ने दिया। इसी दौरान समाज के अध्यक्ष ललित मिश्रा ने समाज में नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रतिपादित किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति समाज की सजग प्रहरी है। समाज को सशक्त बनाने के लिए नारी शक्ति का सशक्त होना आवश्यक है। यही वसुंधरा की पुकार है। समाज के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से समाज के महिला मंच का विधिवत गठन किया गया। चुने गए पदाधिकारियों में प्रभारी कविता शर्मा, शहर सचिव, सोनिया शर्मा, रीता शर्मा, श्रद्धा उपाध्याय एवं ममता पांडे, सचिव गायत्री शर्मा, रश्मि अवस्थी, लीला ओझा, रश्मि शर्मा, रश्मि दीवान, रंजना तिवारी, उषा चौबे घोषित की गईं।

### मुख्यमंत्री साय कह चुके हैं, कांग्रेस सरकार की अच्छी योजनाओं की करेंगे समीक्षा

# बिजली बिल हॉफ योजना को नहीं लगेगा अभी बंद होने का झटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश में बिजली बिल हॉफ योजना का प्रारंभ करने वाली कांग्रेस की सरकार बदल गई और भाजपा की सरकार आ गई है। ऐसे में इस समय उपभोक्ताओं के मन में एक ही सवाल चल रहा है कि बिजली बिल हॉफ योजना का क्या होगा?

जिस तरह से प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि कांग्रेस सरकार की अच्छी योजनाओं की समीक्षा करेंगे, उससे तय है कि फिलहाल तो बिजली बिल हॉफ योजना को बंद होने का झटका लगने वाला नहीं है। वैसे भी यह आम जनता से जुड़ी बड़ी योजना है, इसको बंद करके भाजपा सरकार जनता की नाराजगी मोल लेने का रिस्क नहीं लेगी। आने वाले समय में लोकसभा का चुनाव भी है। योजना के बंद होने से भाजपा को बड़ा नुकसान हो जाएगा।

प्रदेश में पिछली बार कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में किए गए वादे के मुताबिक बिजली उपभोक्ताओं को मार्च 2019 से बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ देना प्रारंभ किया है। इस योजना में 400 यूनिट तक हर वर्ग के उपभोक्ताओं का बिजली बिल हॉफ का लाभ दिया जाता है। जब योजना लागू की गई तो इसमें करीब 27 लाख उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिला और 20 लाख वंचित हुए थे। इसके बाद जैसे ही योजना के बारे में उपभोक्ताओं को मालूम हुआ तो वे अपना बकाया जमा करके योजना का लाभ लेने लगे। योजना लागू होने के बाद से अब तक 18 लाख उपभोक्ता बढ़े हैं। योजना में पहले साल 43 लाख उपभोक्ताओं ने लाभ उठाया। इसके बाद अगले साल कोरोना के कारण यह आंकड़ा 38 लाख 59 हजार हो गया, लेकिन कोरोना समाप्त होने के बाद 21-22 में आंकड़ा बढ़कर 44 लाख 80 हजार पहुंचा और इस समय 45 लाख से ज्यादा उपभोक्ता योजना का लाभ ले रहे हैं।



### बंद करना आसान नहीं होगा

भाजपा से जुड़े लोग भी कहते हैं कि किसी भी योजना को बंद करना आसान नहीं होता है। जब कोई योजना सीधे आम जनता से जुड़ी रहती है तो उसको बंद करने का सीधा नुकसान योजना बंद करने वाली पार्टी को ही उठाना पड़ता है। इसलिए इस बात की संभावना बहुत कम है कि इस योजना को बंद किया जाएगा। योजना को बंद करने के लिए कैबिनेट में इसको बंद करने का प्रस्ताव लाना पड़ेगा। योजना को बंद किया जाएगा तो इसको लेकर विपक्ष भी जनता के साथ खड़ा हो जाएगा और इसका भारी विरोध होगा, जिसका नुकसान भाजपा को होगा। भाजपा अपना नुकसान कभी नहीं करना चाहेगी।

### 18 हजार करोड़ की लगेगी सब्सिडी

साल दर साल जैसे-जैसे उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा होता गया, सब्सिडी भी बढ़ती चली गई। पहले साल 19-20 में 43 लाख उपभोक्ताओं को 3434 करोड़ की सब्सिडी दी गई। इसके बाद कोरोना के कारण 20-21 में उपभोक्ता 38 लाख 59 हजार हुए तो सब्सिडी कम होकर 3085 करोड़ हो गई, लेकिन इसके बाद 21-22 में उपभोक्ताओं की संख्या 44 लाख 80 हजार हो गई तो सब्सिडी रिकॉर्डतोड़ 3963 हजार हो गई। तीन साल में प्रदेश सरकार ने 10 हजार 482 करोड़ की सब्सिडी दी है। सत्र 22-23 में उपभोक्ताओं की संख्या में और इजाफा होने के कारण सब्सिडी चार हजार करोड़ से ज्यादा की दी गई। चार साल में 14 हजार करोड़ की सब्सिडी दी गई। पांचवां साल चल रहा है। इस साल भी करीब चार हजार करोड़ की सब्सिडी लगेगी, यानी कुल मिलाकर पांच साल में 18 हजार करोड़ के आसपास का खर्च होना है।

### चार दिन में धरे गए 132 बदमाश

# राजधानी में कानून व्यवस्था बनाए रखने की कवायद



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- एसएसपी ने गुंडे-बदमाशों के खिलाफ सतत कार्रवाई करने के दिए निर्देश

राजधानी में कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने चार दिनों के भीतर 132 गुंडे-बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश कर उन्हें जेल दाखिल किया है। इस दौरान पुलिस ने 15 किलो से ज्यादा गांजा के साथ हेरोइन जब्त की है।

एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के मुताबिक सभी थाना क्षेत्रों में राजपत्रित पुलिस अफसरों के साथ पुलिस तथा एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सट्टे के 15 प्रकरणों में 18 सटोरियों को गिरफ्तार करने के साथ ही आबकारी एक्ट के 61 मामलों में 62 तथा आर्म्स एक्ट के 6 प्रकरणों में 6 बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक कट्टा, दो जिंदा कारतूस तथा 5 चाकू जब्त किए हैं। नारकोटिक एक्ट के 5 प्रकरणों में 8 तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सवा 15 किलो गांजा जब्ती के साथ ही एक के कब्जे से 15 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) तथा नकदी 75 हजार रुपए बरामद किए। कुल 132 बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

### क्षेत्रीय गोंड़ समाज का परिचय सम्मेलन 24 को

**रायपुर**। क्षेत्रीय गोंड़ समाज कल्याण समिति द्वारा टिकरापारा स्थित गोंड़वाना भवन में 24 दिसंबर को गोंड़ युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष जग्गू सिंह ठाकुर ने देते हुए बताया कि जिन युवक-युवतियों को इस परिचय सम्मेलन में शामिल होना है, उनका अग्रिम पंजीयन समिति के कार्यालय में रोज शाम 5 से रात्रि 7 बजे तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समाज के लोग अधिकाधिक संख्या में शामिल होंगे।

### परख परीक्षा से छात्रों के भाषा-गणित ज्ञान का आकलन

**रायपुर**। नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता को जानने के लिए केंद्र शासन (एनसीईआरटी) के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग (एससीईआरटी रायपुर) द्वारा पिछले दिनों राज्यभर में शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण किया गया। एससीईआरटी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में पहली बार ब्लॉक स्तर के स्कूलों को राज्य शिक्षा उपलब्धि सर्वे में शामिल किया गया था। इस सर्वेक्षण के तहत तीसरी कक्षा के छात्रों की बुनियादी साक्षरता, अंक गणित, छठवीं के छात्रों की भाषा, गणित, पर्यावरण शिक्षा और नवमी के छात्रों का भाषा, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में ज्ञान जांचा गया। यह सर्वेक्षण प्रश्नावली के माध्यम से किया गया। इस सर्वेक्षण को डीएलएड प्रशिक्षुओं और बीएड प्रशिक्षुओं की सहायता से आयोजित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के तहत परख परीक्षा का आयोजन किया गया।






# सरकार बदलते ही दुर्ग बॉयपास टोल प्लाजा में फिर से पैसा लेने पर विवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्रदेश में सरकार बदलते ही दुर्ग बॉयपास टोल प्लाजा में फिर से सीजी 07 वाहनों का टोल वसूलने का फरमान जारी कर दिया गया है। एनआईएच का आदेश टोल प्लाजा में चस्पा होने के बाद विवाद गहरा गया है। आदेश के हिसाब से 22 दिसंबर से कार से एक ट्रिप का 75 रुपए टोल वसूला जाना है। खास बात यह है कि इस टोल का छूट देने के लिए स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने ऐन जमकर हल्ला बोला था। जिसकी वजह से ऐन चुनाव के पहले यहां सीजी 07 वाहनों को छूट दे दी गई थी। अब भाजपा की सरकार आई है और यह आदेश आ पहुंचा। जिसका विरोध शुरू हो गया है। दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने भी इस मामले में मोर्चा खोल दिया है।

### आदेश वापस लें

दुर्ग बॉयपास टोल प्लाजा में सीजी 07 वाहनों को छूट का वापस लेने का आदेश तत्काल प्रभाव से बंद होना चाहिए। ऐसा नहीं किया गया तो इसका व्यापक विरोध होगा। अब प्रदेश में भाजपा की सरकार है। इसे अच्छी तरह से प्लाजा प्रबंधन समझ लें। जनता के साथ अब छल-कपट नहीं चलेगा।

**-विजय बघेल**, सांसद लोकसभा दुर्ग

### एनएचआई को भेजेंगे आपत्ति

एनएचआई के आदेश पर ही पहले सीजी 07 की वाहनों को छूट दी गई थी। यह छूट हटाने का आदेश भी उन्ही का है। लोगों ने जो भी आपत्ति दर्ज कराई है उसे हम एनएचआई को भेज देंगे। उनके गाइड लाइन के हिसाब से हम कार्य करेंगे। विरोध के लिए आए लोगों की अपील उच्च प्रबंधन तक पहुंचाना हमारा कार्य है।

**-अमित कुमार**, मैनेजर टोल प्लाजा

### छूट हटाने से बिफरे भाजपाइयों का विरोध

दुर्ग बॉयपास टोल प्लाजा में सीजी 07 वाहनों को छूट हटा लेने के विरोध में भाजपाई नेता भी रविवार को टोल जा धमके। भिलाई स्टील वर्कर यूनियन के अध्यक्ष व भाजपा नेता उज्जवल दत्ता के नेतृत्व में लोग टोल प्लाजा प्रबंधन के समक्ष अपना विरोध जताया। उनका कहना था कि कांग्रेस सरकार के बदलते ही ऐसा क्यों किया गया। स्थानीय लोगों के साथ ऐसा छल करने पर आंदोलन किया जाएगा। 22 दिसंबर से पहले इस आदेश को हटा लें।

# संकल्प यात्रा में शामिल हुए सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद



- टीबी चैम्पियन का प्रमाण पत्र व आयुष्मान कार्ड बनाने में सहयोग करने वाले लोगों को किया सम्मानित

सांसद विजय बघेल ने स्वास्थ्य विभाग के टीवी रोग से पीड़ित हितग्राहियों जिन्होंने ने दवा सेवन कर रहे हैं पोषण आहार वितरण करते पूरी दवा सेवन करने वाले को टीबी चैम्पियन का प्रमाण पत्र व आयुष्मान कार्ड बनाने में सहयोग करने वाले लोगों को आयुष्मान मित्र प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ हितग्राहियों मिल रहा है। सांसद विजय बघेल ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टी बी रोग उन्मूलन ओर सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम एंव प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान कार्ड के माध्यम से बीमारियों से पीड़ित रोगी के लिए 5 लाख रुपए जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है जिससे निःशुल्क इलाज गरीब जनता का हुआ। वे रोग मुक्त होकर स्वस्थ जीवन यापन कर रहे।उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने विभिन्न विभागों में सम्पर्क कर उसका लाभ जरूर लें।











### से.2 तालाब की पर्यावरण मित्र मंडल ने की सफाई

**भिलाई**। पर्यावरण मित्र मंडल के संरक्षक बालूराम वर्मा के नेतृत्व में भारत स्वच्छता अभियान के तहत सप्ताहिक स्वच्छता अभियान छत्तीसगढ़ महतारी तालाब एवं अय्यप्पा मंदिर सेक्टर 2 परिसर में रखा गया। जहां पर विभिन्न प्रकार के कचरों का ढेर एवं विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक कचरा बिखरा पड़ा हुआ था। उसे एकत्रित कर उचित स्थान पर एकत्रित किया गया ताकि सफाई कर्मचारी को कचरा ले जाने में सुविधा हो। बीएसपी के पर्यावरण प्रबंधन विभाग से बी अनुराधा सहायक महाप्रबंधक ने पर्यावरण मित्रों का मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर डीपी चौधरी, सियाराम कश्यप, एसके सेन, भागवत साहू, भीखा ओराम, कैलाश जोशी, मनोज चौबे, मारुति शंकर बल, डीपी राय, देव सिंह साहू आदि उपस्थित थे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### रीवागहन पहुंचीं विधायक अनिला, खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

**डौंडीलोहारा।** क्षेत्रीय विधायक अनिला भेंडिया ग्राम रीवागहन में संकुल स्तरीय टूर्नामेंट के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामवासियों के बीच में पहुंचीं। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को खिलाड़ी भावना से खेल कूद में भाग लेने एवं भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर ग्रामवासी,उपसरपंच, पंच, ग्राम पटेल समूह के अध्यक्ष, बहने अपनी बातों को मुख्य अतिथि अनिला भेड़िया के सामने रखीं। विधायक अनिला भेड़िया ने अपने भाषण में कहा कि आपकी मांगों को धीरे-धीरे पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में जनपद सदस्य माधव गिरी, नेतराम भांडेकर, अंकालू साहू, गुलाब जैन, संतोष गुप्ता, देवलाल निषाद, कान्हा टॉक मंच पर विराजमान थे।

### श्रीमद् भगवत गीता का हुआ आयोजन

**दुर्ग।** डबरा पारा उत्तर भिलाई 3 में श्रीमद् भागवत गीता का भव्य आयोजन हुआ। जिसमे वक्ता पंडित चंद्रकांत शर्मा थे। स्वर्गी परदेशी लाल साहू के स्मृति में उनके पुत्र ओमप्रकाश साहू ,गौतम साहू, मंगतीन बाई साहू द्वारा यह कार्यकर्म किया गया। वक्ता शर्मा जी द्वारा भगवान श्री कृष्णा जी का जीवन लीला का वृत्तांत अपने मुखारविंद से किया गया। भगवान के जन्म कैसे हुए, कैसे बाल लीला किए, गोवर्धन पर्वत उठाए, वामन अवतार, कालिका अवतार, रुक्मणि विवाह सभी बाते बताई गई। अंत में हवन के साथ महाभोग भंडारे का आयोजन किया गया। उक्ता जानकारी युवा सेवा संघ ओमप्रकाश साहू ने दी।

### जिपं सामान्य सभा की बैठक 28 दिसंबर को

**दुर्ग।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 28 दिसंबर 2023 को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष मंस आयोजित की गई है।

### बंधक श्रमिक सर्वेक्षण का कार्य 21 से 30 दिस. तक

**दुर्ग।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार दुर्ग जिले में बंधक श्रमिक सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा। उक्त सर्वेक्षण हेतु जिला स्तरीय सतर्कता समिति द्वारा नेहरू युवा केन्द्र, दुर्ग को सर्वेक्षण एजेंसी चिन्हित किया गया है। सहायक श्रमायुक्त दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार उक्त सर्वेक्षण एजेंसी के वालिंटियर्स एवं सहायक श्रमायुक्त कार्यालय, दुर्ग के श्रम निरीक्षक के सहयोग से 21 दिसम्बर से 30 दिसम्बर 2023 तक दुर्ग जिले में अवस्थित संस्थाओं उद्योग/इंट भट्ठा/कृषि फॉर्म एवं नगरीय निकाय में स्थित दुकान व होटल में सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा।

## निधन

### त्रिवेणी देवी दुबे



**नवागढ़।** नवागढ़ निवासी स्व. रामगोपाल दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती त्रिवेणी देवी दुबे 88 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अरुण दत्त, सुरेश दत्त, दिनेश दत्त दुबे की माता एवं आलोक दत्त दुबे की दादी थी।

## योजना : भाजपा सरकार 25 को देगी दो साल का बकाया बोनस

# जिले के 1 लाख 43 हजार किसानों के खाते में सीधे जमा होगी 232 करोड़ की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



करीबन 1 दशक पहले 2015 और 2016 में तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा घोषणा के बाद भी बोनस नहीं मिलने से निराश रहे किसानों के लिए अब खुशखबरी है। हाल में प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र में बकाया बोनस देने का वादा करने वाली भाजपा अब सरकार बनने के बाद इस वादे को पूरा करने की तैयारी में जुट गई है। सरकार ने पहली ही कैबिनेट में बोनस देने की स्वीकृति दी है। इसके बाद अब सभी जिलों से किसानों और उनकी बकाया राशि का डाटा भी मंगाए जा चुका है। जिले के 3 लाख किसानों को बोनस राशि मिलेगी। गौरतलब हो कि पिछले लंबे अरसे से बकाया दो साल के बोनस का इंतजार कर रहे जिले के दो लाख किसानों को 232 करोड़ 21 लाख रुपए का भुगतान आगामी 25 दिसंबर को होगा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन ने प्रति क्विंटल 300 की दर से किसानों को राशि सीधी दी जाएगी, इसकी तैयारीयां भी शुरू कर दी है। किसानों के खातों में यह राशि सीधे भेजी जाएगी।

**वर्ष 2014-16 के मध्य नहीं मिला था बोनस :** उल्लेखनीय है कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने 2014-15 तथा 2015-16 में किसानों को धान का बोनस नहीं दिया था। 2018 में हुई विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार ने किसानो को दो साल का बकाया बोनस देने की घोषणा की थी , किंतु 5 साल तक इंतजार करने के बाद दी किसानों को जब यह राशि नहीं दी गई तो 2023 के विस चुनाव में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में 25 दिसंबर 2023 को यह देने की घोषणा की थी। जिसका असर भी देखने को मिला और प्रदेश में भाजपा की वापसी तय हो पाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पहली कैबिनेट में इस घोषणा को मंजूरी देते हुए शासन को इसकी तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। निर्देश मिलने के बाद से ही हलचल तेज हो गई है।

### आदेश के बाद तैयारी शुरू

शासन स्तर से आदेश के यहां आने के बाद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन ने इसकी प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी है। बताया जाता है कि वित्तीय सत्र 2014-15 तथा 2015-16 में जिन किसानों ने धान बेचा था, उनके रिकॉर्ड को देखा जा रहा है और खातों को भी अपग्रेड किए जाने का काम शुरू हो गया है।

### इतने किसानों ने बेचा था धान

मिली जानकारी के अनुसार बेमेतरा जिले के 71 हजार 602 किसानों ने 37 लाख 65 हजार 836 क्विंटल धान 2014-15 में बेचा था। जिन्हें 112 करोड़ 97 लाख का भुगतान किया जाएगा। वहीं 2015-16 में 72हजार 135 किसानों ने 39 लाख 74 हजार 715 क्विंटल धान बेचा था जिन्हें 300 बोनस के तहत 119 करोड 24 लाख रुपए दिए जाएंगे।

### किसानों को एकमुश्त भुगतान का इंतजार

राज्य सरकार द्वारा पहली कैबिनेट में 2 साल की बकाया बोनस की स्वीकृति दिए जाने से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। किसानों का कहना है की सरकार अपना एक वादा पूरा कर रही है। अब हमे 3100 में 21 क्विंटल धान खरीदे जाने के आदेश का इंतजार है। बहरहाल ऐसी संभावना जताई जा रही है कि आज 19 दिसंबर से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले अनुपूरक बजट में इस राशि का प्रावधान किया जा सकता है।

## मोहभट्ठा भाजपा कार्यकर्ताओं ने की विधायक दीपेश ने मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा के जनपद पंचायत बेरला अंचल में आने वाले ग्राम मोहभट्ठा के ग्रामीणों ने बेमेतरा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक दीपेश साहू से मुलाकात कर जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इसके साथ ही कई मुद्दों पर चर्चा की गई। ग्राम मोहभट्ठा से भाजपा कार्यकर्ता अनेश साहू ने बताया कि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू से मिलकर बहुत अच्छा लगा साथ ही इस ऐतिहासिक जीत की बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र में भाजपा की जीत से खुशी का माहौल बना हुआ है। भाजपा के जीत होने से जनता में विकास की उम्मीद का दीया पूरे विधानसभा प्रकाशमय हो गया है। इस भेंट मुलाकात में ग्राम मोहभट्ठा से अनेश साहू, पिंकी साहू, तीजू साहू, निरंजन पाल सहित अन्य लोगों ने श्रीफल भेंटकर विधायक को बधाई दी है।

## बूढ़ादेव मंदिर में हुई राजपूत क्षत्रिय चौहान महासभा की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

राजपूत क्षत्रिय चौहान महासभा नवागढ़ की बैठक रविवार को बूढादेव मंदिर परिसर नवागढ़ में सम्पन्न हुआ । जिसमेंसर्व प्रथम आशापुरा माता एवं सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर पुष्प एवं तिलक लगाकर पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात करणी सेना प्रमुख स्व. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। बैठक में समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण के विषय पर चर्चा उपरांत भवन निर्माण हेतु समिति का गठन किया गया। जिसके सदस्य सातानंद सिंह, कोदू सिंह, रमेश सिंह, रामस्वरूप सिंह, गजानंद, रिंकू सिंह, भोप सिंह, बोधन सिंह, मनहरण सिंह, माखन सिंह, स्वरुप सिंह, कृष्णा सिंह, अशोक सिंह, ओंकार सिंह, देवकुमार, मानसिंह, शैलेश सिंह, नोहर सिंह, पूनम सिंह एवं राजेंद्र सिंह आदि सभी ने संकल्प लिया कि भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद ही विश्राम किया जाएगा।

## ग्राम पंचायत भीमपुरी व हरदी में आज पहुंचेगा विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रचार रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- विभिन्न विभागों के लगेंगे स्टॉल, योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

आज मंगलवार को बेमेतरा ज़िले के जनपद नवागढ़ के ग्राम पंचायत भीमपूरी में एवं ग्राम पंचायत हरदी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन होगा। ग्राम पंचायत भीमपुरी में सुबह 10.30 बजे से और ग्राम पंचायत हरदी 2.30 बजे से होगा। इसमें विभिन्न विभागों के स्टॉल लागकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। मालूम हो कि बीते शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की राजधानी नई दिल्ली से छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, मिजोरम और तेलंगाना में विकसित भारत संकल्प यात्रा को भी हरी झंडी दिखाई। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक विवेकानंद सरोवर रायपुर से विकसित भारत संकल्प यात्रा "रथ" को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। वहीं विधायक बेमेतरा दीपेश साहू एवं कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने बेमेतरा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत जेवरी से ज़िला स्तरीय कार्यक्रम में " विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ" को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

## एडवेंचर एक्टिविटी में शामिल हुए स्वामी आत्मानंद स्कूल दुधली के स्काउट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विद्यार्थियों में जनसेवा के लिए प्रेरित करने के साथ ही इस क्षेत्र में उन्हें प्रशिक्षित करने तथा अनुशासन लाने में स्काउट-गाइड का विशेष स्थान है।

स्काउट गाइड के माध्यम से बच्चों में सकारात्मक सोच तथा गुणों का विकास करने के साथ ही उन्हें विषम परिस्थितियों व अभावों में भी जीवन जीने की कला सिखाई जाती है। इसके माध्यम से उन्हें विपत्तिग्रस्त लोगों की सेवा तथा उनकी सहायता के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इन्हें सब उद्देश्यों को लेकर पचमढ़ी स्थित राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र में एडवेंचर एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय दुधली के स्काउट तुसेंद्र, कोणल देशमुख व चाहत का चयन हुआ था। इसके तहत स्काउट्स ने 13 से 17 दिसंबर तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके अंतर्गत रॉ क्लाइंबिंग, लक्ष्य भेदन, स्विमिंग, रोप क्लाइंबिंग का अभ्यास किया गया। इस दौरान आपदा प्रबंधन की जानकारी भी दी गई। स्काउट को भ्रमण के द्वारा पाण्डव गुफा, जटाशंकर, बाइसन लाज, राजेंद्र पार्क, योगा पार्क का भ्रमण कराया गया। सुभाष चन्द्र बोस दल के स्काउट इस एडवेंचर में भाग लिए।



### गैस सिलेंडर मिलने के बाद भी चूल्हा जलाने की जद्दोजहद

**गुरूर।** सरकार द्वारा महिलाओं को धुआंमुक्त जीवन के लिए उज्जवला गैस योजना के तहत गैस चूल्हा व सिलेण्डर दिया गया है। उसके बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में जंगल जा रही हैं। वे सिर पर लकड़ी का गट्ठर रखकर ला रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य खत्म होने के बाद महिलाओं द्वारा जंगल से लकड़ी लाने का कार्य किया जाता है।

## साहू समाज के परिचय सम्मेलन के साथ तैलिक ज्योति पत्रिका का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




संगठनात्मक एकता विजय और कार्यसिद्धि का मूलसूत्र है। दिव्य प्रतिभाओं का एकीकरण लोक कल्याणकारक है। संसार के समस्त श्रेष्ठ कार्य एकात्म भाव से ही सिद्ध होते हैं। अतः सबको साथ लेकर चलें, जो परिवार और समाज संगठित होता है, वह नित नए सोपान तय करता है।

उक्त बातें प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहलसिंग साहू ने कही, टहल सिंह ने जिला स्तरीय साहू समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन में आए समाज के युवक-युवतियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो समाज के नियमों का पालन करते है, वे प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं। विदित हो कि जिला साहू संघ के तत्वाधान में अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा 17 दिसंबर रविवार को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय जिला स्तरीय साहू समाज युवक–युवती परिचय सम्मेलन एवं तैलिक ज्योति 12वें अंक का विमोचन किया गया। अध्यक्षता जिला साहू संघ अध्यक्ष सोमन साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, प्रीतम साहू, प्रदेश महामंत्री हलधर साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सोनवानी, प्रदेश प्रमुख सलाहकार पवन साहू एवं पूर्व जिला साहू संघ अध्यक्ष किशोरीलाल साहू एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

तैलिक ज्योति पत्रिका के संपादक प्रोफेसर डॉ. कमलराम साहू ने तैलिक ज्योति पत्रिका के महत्व से अवगत कराया। पत्रिका में बालोद जिला के साथ ही दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, कांकेर, रायपुर के साथ ही अन्य जिलों के विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय प्रकाशित किया गया है।

परिचय सम्मेलन के माध्यम से समाज के लगभग 150 युवक-युवतियों ने मंच पर अपना एवं परिवार के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में तहसील साहू संघ अध्यक्ष मदनलाल सोनबरसा बालोद, महेन्द्र साहू गुरूर, मानसिंग सार्वा गुण्डरदेह, राजेन्द्र साहू डौण्डीलोहारा, सोमश साहू डौण्डी, युवराज साहू दल्लीराजहरा, नरेन्द्र हिरवानी देवरी, उमाशंकर साहू अर्जुन्दा तथा समस्त परिक्षेत्र एवं ग्रामीण पदाधिकारियों का योगदान रहा।

## भरदा में शुरू हुई संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता



**गुरूर।** ग्राम भरदा में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता जिला पंचायत सभापति ललिता पीमन साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति ने उद्बोधन के माध्यम से ग्रामवासियों को आयोजन के लिए धन्यवाद के साथ बधाई प्रेषित किया।

साथ ही प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन करते हुये भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। मुख्य अतिथि ने ध्वजा रोहण के साथ परेड को सलामी लेकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सभापति ममता मनहरण साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में संकुल के सरपंचगण रोहित निषाद, लीलाराम सिन्हा, तामेश्वरी साहू, माधुरी ज्योति, बाल क्रीड़ा के अध्यक्ष तुलसी राम ठाकुर, उपाध्यक्ष परदेशी राम निषाद, सदस्य कादिर अहमद, जमील खान, पत्रकार दुलार साहू सहित संकुल के सभी स्कूलों के शिक्षकगण, प्रतिभागी गण, व भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## गौठान की भूमि का क्या उपयोग होगा, शासन के निर्देश का इंतजार

**गुरुर।** प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा गौधन न्याय योजना एवं नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना को बंद करने के समाचारों से पंचायत प्रतिनिधि एवं पंचायतकर्मियों ने राहत की सांस ली है। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि गौ पालक गोबन नहीं लाते, प्रशासन दबाव बनाता था, मजबूरन व्यवस्था करनी पड़ती थी। गोबर से खाद बनाने की प्रकिया भी जटिल व सुविधा जनक नहीं होने से निर्धारित मापदण्ड से सही मात्रा में खाद नहीं बनती थी, लेकिन उसके लिए भी दबाव डाला जाता था। सबसे बड़ी समस्या यह थी कि पंचायत का संसाधन, श्रमशक्ति सभी गौठान में ही लग रहा था, जिससे पंचायतों में मुलभूत सुविधा विस्तार व ग्रामीणों की मांगों के अनुरूप कार्य नहीं कर पाते थे। उन्होंने कहा कि अब हम पंचायत की राशि से पंचायत के विकास व जन सुविधा विस्तार का कार्य कर सकेंगे।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल सिलाई व पार्लर का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन दुर्ग, भिलाई महिला अध्यक्ष भारती सोनबेर के मार्गदर्शन में जामगांव आर में संचालित सिलाई एवं पार्लर प्रशिक्षण के समापन समारोह में प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मान रविवार को किया गया।

समारोह मंच पर प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश सिंह, प्रशिक्षण क्रार्यक्रम संस्थापक श्याम गुप्ता, महिला प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कविता छाबड़ा, महिला जिला प्रभारी गीतांजलि धांधले, महिला जिला अध्यक्ष भारती सोनबेर, जिला कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट सन्दीप नागरे, जिला महिला जिला उपाध्यक्ष अनपूर्णा साहू, उपाध्यक्ष सुनीता राहटे, महिला जिला कोषाध्यक्ष मंचासीन रहे। प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने कहा कि नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन गैर राजनीतिक संगठन है और ये हमारा एक बहुत बड़ा परिवार है, इस परिवार से आप सभी सेवा भावना से जुड़े और अध्यक्ष भारती की तरह ही नेक कार्यों को अंजाम देते रहे। अध्यक्ष भारती सोनबेर ने कहा कि प्रशिक्षण निरंतर जारी रहेगी, अधिक से अधिक लाभ उठाए।

जिला प्रभारी गीतांजलि ने सफल कार्यक्रम की सराहना की। व्याख्याता हाई स्कूल सुरपा सरोज देवांगन ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जागरूक और संगठित करने, महिलाओं के लिए रोजगार अपने पैरों में खड़े हो सके सार्थक प्रयास कंठ मुक्त प्रशंसनीय है। प्रधान पाठक भनसुली हुलसी नेताम, महिला मोर्चा अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, पंच नंदनी साहू, सुरूची साहू, पिलेश्वरी, फूलेश्वरी, प्रेमीन साहू सहित अच्छी खासी संख्या में महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



